दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
चौथा नवरात्रि : कुष्मांडा माता
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। शुक्रवार 12 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 182 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3











Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (Near RKGITM) Ghaziabad - 201017 rkggs2022@gmail.com, principal.rkggs@gmail.com 9829227051, 9319259106, 9319259108 www.rkggs.com


## भारत के साथ मजबूत संबंध दोनों देशों के हित में : चीन



बीजिंग। चीन ने गुरुवार को कहा कि चीन और भारत के बीच मजबूत और स्थिर संबंधों से दोनों देशों के साझा हित पूरे होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चीन ने यह बात कही है। इससे एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत के साथ चीन के संबंध महत्वपूर्ण हैं।

### पीएम मोदी ने क्या कहा?

अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि दोनों देशों की सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। मोदी ने उम्मीद जताई थी कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने में सक्षम होंगे।

## धौलाना में होगी सीएम योगी की जनसभा



धौलाना, करंट क्राइम। भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के चुनाव को धार देने के लिए एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आ रहे हैं। इस बार वह ठाकुर बाहुल्य विधानसभा धौलाना में जनसभा करेंगे। सूत्र बताते हैं कि स्थानीय संगठन के बार कार्यक्रम आ गया है। सभा का आयोजन 20 अप्रैल के बाद होगा।

# नगर आयुक्त ने कहा- जल्द चालू होंगे सारे ट्रैफिक सिग्नल, दोषी फर्म पर होगी कड़ी कार्रवाई

## ट्रैफिक सिग्नल की 52 बूथों की चाबी मिलने के बाद अधिकारी हुए सख्त







गाजियाबाद, करंट क्राइम। बीते कई दिनों से गाजियाबाद के ट्रैफिक सिग्नल बंद चल रहे हैं और आमजन से लेकर आवागमन में परेशानी हो रही है। गाजियाबाद नगर द्वारा विज्ञापन माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बंद किए गए ट्रैफिक सिग्नल को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पुन शुरू कराने का काम कर दिया गया है। नगर निगम के अधिकारियों का दावा है कि फर्म के पार्टनर्स के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए भी निगम के अधिकारियों ने आदेश दिए हैं। वहीं इस मामले में दो मुकदमे भी सिहानी गेट थाने में दर्ज करवा दिए गए हैं। इस मामले में नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रामादित्य सिंह मलिक का कहना है कि विज्ञापन कंपनी शिव शक्ति ड्रीम्स होम प्राइवेट लिमिटेड ने केवल अवैध विज्ञापन चला कर नियम विरुद्ध कार्य किया है, बल्कि ट्रैफिक सिग्नल को अपनी मनमानी करते हुए बंद करने का गलत कार्य किया है। इससे शहर की बड़ी आबादी परेशान है। लगभग 48 सिग्नल प्रभावित किए गए हैं।

### तरुण शर्मा कौन है इस बारे में मुझे नहीं है जानकारी : तरुण शर्मा



करंट क्राइम। इस सम्बन्ध में करंट क्राइम ने भाजपा नेता तरूण शर्मा से बात की। उनसे पूछा कि नगर निगम ने इस मामले पर आप पर भी एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है। इस पर तरूण शर्मा ने कहा कि मैसर्स शिव शक्ति में जिस तरूण शर्मा का नाम आ रहा है। वो कौन है इस बारे में मुझे भी जानकारी नहीं है। ना मैं इस फर्म में पार्टनर हूं ना प्रोपराइटर हूं और ना ही डॉयरेक्टर हूं। तरूण शर्मा ने कहा कि वो इस पूरे विषय से पार्टी आलाकमान और पुलिस के आला अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं।

### नगर आयुक्त ने कहा होगी सख्त और पूरी कानूनी कार्रवाई



करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने ट्रैफिक सिग्नल मामले में व्यवस्था को धवस्त करने वाली कंपनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही निगम के अधिकारियों को इस पूरे मामले में सख्त और कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड फर्म के ऑफिस से बरामद हुई ट्रैफिक सिग्नल के 52 बूथों की चाबी का मामला कोर्ट में रखा जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस समस्या की वजह से शहरवासियों और ट्रैफिक पुलिस को बीते कई दिनों से बेहद परेशान होना पड़ रहा है।

### 19 ट्रैफिक सिग्नल हुए चालू, दो दिन में सुधर सकती है व्यवस्था

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 48 में से 19 सिग्नल चालू कर दिए गए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू करने के लिए दो दिन और नगर निगम की टीम मेहनत करेगी। संबंधित अधिकारियों को नगर आयुक्त की ओर से निर्देश दिए हैं कि इस दौरान बंद पड़े अन्य स्थानों के ट्रैफिक सिग्नल चालू किए जाएं ताकि पुलिस के साथ नगर निगम भी इसमें सहयोग करें और इस काम को जल्द से जल्द किया जाए। इस दौरान जानकारी निकलकर यह आई है कि ट्रैफिक सिग्नल कंट्रोल यूनिट के 15 नग, एसएमपीएस पावर सप्लाई 32 नग और कंट्रोल यूनिट के मदरबोर्ड 3 नग, कंट्रोल यूनिट केबिन के 8 नग और 52 बूथों की चाबी बरामद हो गई है। फर्म के पार्टनर हरीश शर्मा, गुंजन शर्मा, कपिल मोहन गुप्ता, तरुण शर्मा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करने के निर्देश अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं।

### इन स्थानों पर शुरू हो गए हैं ट्रैफिक सिग्नल

करंट क्राइम । प्रभारी विज्ञापन पल्लवी द्वारा अवगत कराया गया है कि चौधरी मोड़, कालका गढ़ी, साहिबाबाद मंडी रेड लाइट, वैशाली मैक्स हॉस्पिटल, रेड लाइट सिद्धार्थ विहार, रेड लाइट डाबर चौक, रेड लाइट कंट्री इन होटल वैशाली, रेड लाइट हापुड़ चुंगी, रेड लाइट राकेश मार्ग, रेड लाइट रमते राम रोड, रेड लाइट ठाकुरद्वारा, रेड लाइट सेठ मुकुंद लाल कॉलेज स्थित, रेड लाइट एसडीएम कंपाउंड, रेड लाइट रेलवे स्टेशन, रेड लाइट मोहन नगर, रेड लाइट लिंक रोड के ट्रैफिक सिग्नलों को व्यवस्थित किया जा चुका है। बचे हुए अन्य रेड लाइट सिग्नल भी दो दिन के भीतर पूरी तरह से चालू करवा दिए जाएंगे ताकि शहर के लोगों को यातायात व्यवस्था में जाम से ना जूझना पड़े।

## जनपद में आपसी सद्भाव के साथ मनाई गई ईद

### मस्जिदों में नमाज के दौरान मुस्तैद रही पुलिस फोर्स

### मुस्लिम भाइयों ने मांगी शांति और उन्नति की दुआ



गाजियाबाद, करंट क्राइम । गाजियाबाद जनपद में गुरुवार को ईद का त्योहार आपसी सद्भाव और खुशहाली के साथ मनाया गया। शहर से लेकर देहात और नदियापार से लेकर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में ईद की रौनक देखने को मिली। सुबह शहर की प्रमुख मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई, तो इस दौरान पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के चाकचौबंद बंदोबस्त किए गए। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। तो चुनावी सीजन होने की वजह से राजनीतिक लोगों ने भी ईद का मुबारक संदेश भेजने का काम किया। ईद के त्योहार के चलते शाम होते ही बाजारों, मॉल और पार्कों के साथ पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़भाड़ देखने को मिली। कुल मिलाकर ईद का त्योहार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में शांतिपूर्वक और बेहतर कानून व्यवस्था के बीच मनाया गया।

### प्रमुख मस्जिदों पर पहुंचे अधिकारी, शांतिपूर्वक बीता त्यौहार



करंट क्राइम । गुरुवार को ईद का त्योहार था, ईद की नमाज के लिए सुबह से ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस रिस्पांस टीम को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में रवाना करने का काम किया गया। सिटी जोन के अंतर्गत मधुबन बापूधाम थाना अंतर्गत आने वाली सेक्टर-23 की बड़ी मस्जिद, कवि नगर थानाक्षेत्र, मिजार्पुर मस्जिद, सिहानी गेट-नंदग्राम की मस्जिद के साथ ही कैलाभट्ठा और विजयनगर की प्रमुख मस्जिदों पर सुबह नमाज पढ़ी गई। तो वहीं देहात क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लोनी, वेव सिटी, डासना, मोदीनगर- मुरादनगर, निवाड़ी के साथ ही साहिबाबाद में शहीद नगर, पसौंडा, महाराजपुर, अर्थला, कौशांबी और खोड़ा की मस्जिदों मुस्लिम भाइयों ने नमाज पढ़ते हुए ईद की एक दूसरे को मुबारकबाद दी। इस दौरान बाजारों में भी ईद के त्योहार का असर देखने को मिला। कैलाभट्ठा में एसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव कवि नगर और मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में एक्टिव रहे। तो नंदग्राम एसीपी रवि सिंह नंदग्राम और सिहानी गेट इलाके में पुलिस फोर्स के साथ मस्जिद वाले इलाकों में निकले। वहीं वेव सिटी एसीपी पूनम मिश्रा और एसीपी मसूरी नरेश कुमार के साथ ही एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह, एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम, एसीपी लोनी सूर्यबली और एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा सहित पुलिस के आलाधिकारी अलर्ट मोड पर रहे।

### प्रत्याशियों ने भी दी ईद की मुबारकबाद

करंट क्राइम । इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा जहां कैलाभट्ठा क्षेत्र में पहुंची, तो वहीं उन्होंने डासन में भी दस्तक दी। वहीं मसूरी क्षेत्र में मुस्लिम बहुल्य इलाकों में लोगों से संपर्क करने ईद की मुबारकबाद भी देने पहुंची थीं। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुस्लिम समाज को ईद की मुबारकबाद देते हुए उन्नित की कामना की।

# गोविंदपुरम अनाज मंडी की सुरक्षा रहेगी अर्धसैनिक बलों के हवाले

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। चुनाव प्रचार के बाद अब सभी को 26 अप्रैल का इंतजार है। 26 अप्रैल को गाजियाबाद में मतदान होगा और मतदान के बाद एवं गोविंदपुरम स्थिति अनाज मंडी में ट्रिपल लेयर सुरक्षा के बीच ईवीएम रखी जाएगी। जहां अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। इसके साथ ही खुफिया विभाग और पुलिस की टीमों को भी लगाया जाएगा। खास बात यह है कि जहां ईवीएम रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा। उसके मुख्य द्वार से लेकर भीतर तक सीसीटीवी की निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही सभी पार्टियों के प्रत्याशी और प्रशासनिक अधिकारी भी यहां का ऑनलाइन हाल जान पाएंगे, इसकी भी व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी।




### अधिकारियों ने कर लिया है मंडी का निरीक्षण

करंट क्राइम । पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि गोविंदपुरम अनाज मंडी को ईवीएम का स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा। इसीलिए बीते दिनों ही जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस के अधिकारियों के द्वारा स्ट्रांग रूम एवं कक्षों का निरीक्षण कर लिया गया है। साथ ही गोविंदपुरम मंडी के सभी प्रवेश और निकास द्वारा को भी देख लिया गया है। यहां लाइट व्यवस्था से लेकर सुरक्षा वाला खाखा भी तैयार कर लिया गया है ताकि ईवीएम रखे जाने पर किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### 25 अप्रैल के बाद बिना परिचय पत्र के नहीं मिलेगा मंडी में प्रवेश

करंट क्राइम । पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गोविंदपुरम अनाज मंडी में 25 अप्रैल के बाद केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा जिनके पास वैध परिचय पत्र होगा। इसके साथ ही किसी भी संदिग्ध नजर आने वाले व्यक्ति की सुरक्षाकर्मी जांच भी कर सकते हैं। जानकारी मिली है कि 15 और 16 अप्रैल से यहां पर बल्ली और शेड लगाने के साथ ही ईवीएम को रखने के लिए जो स्ट्रांग रूम बनाए जाने हैं उनका अंतिम रूप देने का काम शुरू हो जाएगा।


### चूहों से निपटने के लिए डाली जाएगी दवा

करंट क्राइम । गोविंदपुरम अनाज मंडी को ईवीएम का स्ट्रांग रूम केंद्र बनाया जाना है। यहां 26 अप्रैल से लेकर 4 जून तक एवं ट्रिपल लेयर सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम रहेगी, ऐसे में ईवीएम को किसी प्रकार से अनाज मंडी के चूहे नुकसान ना पहुंचाएं, इसके लिए यहां चूहों से बचाव वाला रसायन डलवाया जाएगा ताकि ईवीएम को किसी प्रकार से क्षति ना पहुंचे।

# जनपद में आपसी सद्भाव के साथ मनाई गई ईद






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ईद के मौके पर कैला भट्टा में नमाज पढ़ते मुस्लिम समाज के लोग। ईद के मौके पर डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानजंय सिंह लोगों से मिलते हुए। एसीपी सिटी प्रियाश्री पाल इस मौके पर सुरक्षा की कमान सभांलते हुए नजर आईं। ईद के मौके पर बच्चों और बड़ों ने भी दी एक दूसरे को मुबारकबाद। साथ ही कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी व आप नेता जाकिर सैफी ने गले मिलकर ईद की एक दूसरे को दी मुबारकबाद ।

# बाबा विश्वनाथ धाम में राकेश टिकैत ने टेका मत्था

## भगवा पगड़ी पर बोले- ये सबका रंग

**वाराणसी ।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर बाबा का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने बातचीत के दौरान सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने भगवा पगड़ी के सवाल पर कहा कि यह सबका रंग है।

देश में चुनावी रणभेरी के बीच बिहार के चौसा में आंदोलनरत किसानों से मुलाकात करने के बाद भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गुरुवार की सुबह श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर बाबा का विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। दर्शन पूजन करने के बाद बातचीत के दौरान उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधा।



टिकैत भगवा रंग की पगड़ी पहने हुए थे। इस पर सवाल करने पर उन्होंने कहा कि यह रंग सबका है। हर समाज व संत-महात्माओं का भी है। राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को उनका हक दिलवाकर रहूंगा। वर्तमान सरकार इस देश के किसानों को मजदूर बनना चाहती है। बिहार को तो पूरा मजदूरों का राज्य बना दिया है। आगामी लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए या एनडीए गठबंधन में किसके साथ रहेंगे के सवाल पर कहा कि हम किसी के साथ नहीं हैं। जिसको जहां इच्छा है वे उसे अपना वोट दें। हमारे आंदोलन में दोनों लोग रहते हैं।

जिसकी भी सरकार किसानों की विरोधी होगी तो किसान विरोध करेंगे। वर्तमान सरकार ने फूट डालो के तहत कुछ किसानों को अलग करके आंदोलन चलाया। सरकार चाहती है कि किसानों का आंदोलन पंजाब में रहे ताकि सिख समुदाय बदनाम हो। मुख्तार अंसारी को जहर देने के सवाल पर कहा कि जनता कभी झूठ नहीं बोलती है। आगे कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत सरकार ने 10 साल के बाद सम्मानित किया।

उनके जूनियर को पहले सम्मानित किया गया। कहा कि जहां संगठन मजबूत नहीं होगा वहां किसानों की जमीन पर सरकार की निगाहें रहेगी और किसान लूटे जाएंगे। पूर्वांचल में संगठन मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को जोड़ा जा रहा है।

# 'पहले राम मंदिर, अब गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठा रही कांग्रेस'



**देहरादून ।** लोकसभा चुनाव प्रचार के सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तराखंड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ऋषिकेश में जनसभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी की जनसभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान मोदी-मोदी के नारे लगते रहे। यहां पीएम मोदी ने जहां एक तरफ सरकार के काम गिनाए, वहीं, कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। साथ ही कहा कि अगर विकसित भारत बनाना है तो कमल खिलाना होगा। वहीं, पीएम ने जनसभा में आए कार्यकताओं से सवाल किया कि मेरा एक पर्सनल काम है, आप करोगे? उन्होंने कहा कि राम नवमी आने वाली है। गांव-गांव जाकर मेरी तरफ से देवता के आगे माथा टेककर प्रणाम करना है। हर घर जाकर बड़े बुजुर्गों को कहना मोदी जी ऋषिकेश आए थे, उन्होंने आपको राम-राम भेजा है।

### पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें...

- पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के राज में गरीबों का पैसा बिचौलिया खा जाते थे।
- 'मोदी कह रहा भ्रष्टाचार हटाओ, कांग्रेस कह रही भ्रष्टचारी बचाओ' : पीएम मोदी
- पीएम ने कहा कि कांग्रेस विकास और विरासत की विरोधी है।
- कांग्रेस ने राम मंदिर का निमंत्रण अस्वीकार किया। अब ये लोग गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे हैं।
- तब सीमा पर विकास नहीं हो रहा था, आज सीमाओं पर सड़कें चकाचक बनी हैं
- तब सेना के पास अच्छे बूट तक नहीं होते थे, अब हम दुश्मनों को घर में घुसकर जवाब दे रहे।
- पीएम ने कहा कि मोदी सरकार ना होती तो वन रैंक वन पेंशन कभी लागू ना होता।
- भाजपा की नीयत सही है। जब नीयत सही होती है तो नतीजे भी सही मिलते हैं।
- उत्तराखंड में हो रहे विकास में अब पलायन की जड़ें बीते दिनों की बात हो गई है।
- हमनें देश में लूट को बंद किया। इसलिए उनका गुस्सा सातवें आसमान पर है।
- पीएम ने कहा कि लोग कुछ भी कहें, मेरा भारत ही मेरा परिवार है।

# विजिलेंस विभाग के आदेश पर सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव को हटाया

**नई दिल्ली।** सीएम केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। विजिलेंस विभाग ने बिभव कुमार की नियुक्ति को सही नहीं माना है। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक और झटका लगा है। सीएम के निजी सचिव बिभव कुमार के खिलाफ विजिलेंस विभाग ने बड़ा एक्शन लिया है। बिभव कुमार की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। विजिलेंस विभाग ने बिभव कुमार की नियुक्ति को सही नहीं माना है। विजिलेंस विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी वाईवीवीजे राजशेखर ने आदेश जारी किया है।

विजिलेंस विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बिभव कुमार की नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया और नियमों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया है। इसलिए ऐसी नियुक्ति अवैध और अमान्य है। बता दें कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी कई बार बिभव कुमार से पूछताछ कर चुकी है। सोमवार को भी ईडी ने बिभव कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया था।



**दिल्ली के कैबिनेट के मंत्री राजकुमार आनंद ने दिया इस्तीफा**

कथित शराब घोटाले में भ्रष्टाचार के आरोप से जूझ रही आम आदमी पार्टी को बुधवार को एक और बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कैबिनेट के मंत्री राजकुमार आनंद ने पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दिल्ली सरकार के पहले मंत्री हैं, जिन्होंने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद सरकार और पार्टी को अलविदा किया है। अनुसूचित जाति कोटे से मंत्री आनंद दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्रालय संभाल रहे थे। इस्तीफा देते वक्त उन्होंने आम आदमी पार्टी व दिल्ली सरकार पर कई आरोप लगाए। हालांकि, इस्तीफा देने से पहले आनंद ने सोशल मीडिया पर भाजपा पर हमला बोला था।

इस्तीफा देने के साथ राजकुमार आनंद का आरोप है कि अनुसूचित जाति के लोग आज आप से ठगा हुआ महसूस कर रहा है। पार्टी में अनुसूचित जाति के विधायकों और पार्षदों का सम्मान नहीं है। बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने वाले लोगों को प्रमुख पदों पर जगह नहीं दी जाती हैं। अगर हम अनुसूचित जाति के लिए ही काम नहीं कर सके तो आप में रहने का कोई मतलब नहीं है। इसलिए इस्तीफा मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया है।

# भाजपा ने साधे एक तीर से कई निशाने, नए चेहरों को दिए टिकट

## केशरी देवी का टिकट कटने पर लोग चौंके

**प्रयागराज।** इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा से भाजपा ने नए चेहरों को टिकट देकर एक तीर से कई शिकार करने का प्रयास किया है। नीरज त्रिपाठी की बेदाग छवि और उनके पिता केशरीनाथ त्रिपाठी के राजनीतिक सफर को देखते हुए उन पर दांव लगाया है। इसी तरह फूलपुर में तीन बार से विधायक प्रवीण पटेल को उतारकर कुर्मी मतदाताओं को एक बार फिर साधने का प्रयास किया है।

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन ही भाजपा ने प्रयागराज की दोनों सांसद केशरी देवी पटेल और डॉ. रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर दो नए चेहरों पर बड़ा दांव खेल दिया। सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी का रहा। उन्हें टिकट दिए जाने को लेकर सियासी गलियारे में चर्चा रही कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की पैरवी की वजह से ही पार्टी नेतृत्व ने उनपर भरोसा जताया।



बताया जा रहा है कि एक विशेष रणनीति के तहत ही भाजपा ने नीरज त्रिपाठी को इलाहाबाद एवं विधायक प्रवीण पटेल को फूलपुर संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाया। इन दोनों को टिकट देने के साथ ही भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधने का भी प्रयास किया है। इंडी गठबंधन की वजह से इस बार का भी चुनाव जातीय समीकरण साधने पर केंद्रित है। पिछले कुछ दिनों से इस बात की चर्चा थी कि भाजपा अपने दोनों सांसदों का टिकट काटकर नए चेहरों को मौका दे सकती है। ऐसा हुआ भी।

# भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मुकदमा

**लखनऊ।** भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह आचार संहिता उल्लंघन के मामले में फंस गए हैं। मामले में गोंडा के जिलाधिकारी ने सख्त तेवर दिखाए हैं। करनैलगंज के उपजिलाधिकारी ने सांसद से जवाब तलब किया है। आचार संहिता उल्लंघन में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी फंस गए हैं। गोंडा की डीएम नेहा शर्मा के तेवर सख्त होने के बाद बिना अनुमति के वाहनों का काफिला निकालने के मामले में बृजभूषण पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही उन्हें नोटिस जारी किया गया है इसके अलावा सांसद के काफिले के बारे में सूचना न देने वाले तीन पुलिस निरीक्षकों से भी जवाब तलब किया गया है। उपजिलाधिकारी करनैलगंज की ओर से सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह को बृहस्पतिवार को नोटिस जारी किया गया है। पूवार्नुमति के बिना एक दर्जन से अधिक वाहनों का काफिला निकालने तथा धारा 144 का उल्लंघन करने के चलते केस दर्ज कराया गया है। उनसे जवाब तलब किया गया है। वहीं, इस प्रकरण में कटराबाजार, परसपुर व करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षकों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्हें स्पष्ट करना होगा कि उनके क्षेत्रों में धारा 144 के उल्लंघन के संबंध में सूचना उपजिलाधिकारी करनैलगंज के कार्यालय में क्यों उपलब्ध नहीं कराई गई। साथ ही, उन्हें इस प्रकरण में विधिक कार्रवाई कर सूचित करने के भी आदेश दिए गए हैं। उपजिलाधिकारी करनैलगंज भारत भार्गव ने बताया कि मीडिया और स्थानीय लोगों के द्वारा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक वाहनों के काफिले का भ्रमण किए जाने एवं उक्त स्थानों पर भारी मात्रा में भीड़ एकत्रित होने की सूचना प्राप्त हुई।



# आचार संहिता उल्लंघन में सपा नेता सम्राट विकास यादव गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर में पनकी थाने की पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन पर सपा नेता सम्राट विकास यादव को हिरासत में ले लिया। इस पर सपा और कांग्रेसी नेता भड़क गए और थाने का घेराव करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। फिलहाल, सपा नेता के खिलाफ अमार्पुर थाने में आचार संहिता का उल्लंघन और सरकारी काम में बाधा की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पनकी थाने के बाहर हंगामा-बवाल के चलते भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। मामले की जानकारी मिलते ही इंडिया गठबंधन के नेता सपा विधायक अमिताभ बाजपेई और कानपुर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा सैकड़ों समर्थकों के साथ पनकी थाने पहुंच गए। थाने का घेराव करते हुए थाने के बाहर ही धरने पर बैठ गए। इसके बाद पुलिस विरोधी नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान विधायक अमिताभ बाजपेई ने थाने में पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। उन्होंने कहा कि डीसीपी की औकात हो, तो रामनवमी में कार्रवाई करके दिखाएं। सुरक्षा को देखते हुए सर्किल फोर्स और पीएसी पनकी थाने के बाहर तैनात कर दी गई है।



पुलिस ने सख्ती से बैनर को हटवा दिया घंटों हंगामे के बाद सम्राट विकास को थाने से छोड़ा गया। डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि अमार्पुर ईदगाह पर सुबह नमाज के दौरान सपा नेता सम्राट विकास यादव ने पानी का स्टॉल लगाया था। इस स्टॉल पर विकास ने अपना राजनैतिक बैनर भी लगा दिया था। आचार संहिता उल्लंघन के चलते पुलिस ने सख्ती से बैनर को हटवा दिया।

# पीएम मोदी ने कहा मेरा जन्म आराम के लिए नहीं, काम के लिए हुआ है



**राजस्थान।** राजस्थान में लोकसभा चुनावों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को करौली-धौलपुर लोकसभा पहुंचे। बीजेपी ने यहां इंदु देवी जाटव को अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि मैं गुजरात से आता हूं, पानी की दिक्कतों को भली भांति समझता हूं। हम हाथ जोड़कर बैठे नहीं रहते। मोदी बोले, कांग्रेस ने पानी में पैसा कमाने का काम किया। बीजेपी ने उसे जवाबदेही मानकर पूरा किया। मोदी ने कहा कि आने वाले सम में यहां घर-घर पानी पहुंचेगा, यह मोदी की गारंटी है। कांग्रेस ने नौकरियों में भी लूट के मौके तलाशे। कांग्रेस के राज में पेपर लीक इंडस्ट्री तैयार हो गई। मोदी ने गारंटी दी कि मोदी की सरकार आएगी तो पेपर लीक माफिया जेल जाएंगे। मोदी ने पूछा कि बताइए कि मोदी की गारंटी पूरी हो रही है कि नहीं। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी आराम करने के लिए नहीं पैदा हुआ है। मैं काम करने के लिए पैदा हुआ हूं।

पीएम मोदी ने इंडी अलायंस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग मोदी को कितनी गालियां दे दें, लेकिन जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है उन्हें जेल जाना ही पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने का कहा कि करौली-धौलपुर की यह धरती भक्ति और शक्ति की धरती है। यह उस बृज का क्षेत्र है, जहां की रज भी सर पर धारण करते हैं। यहां आपका यह आशीर्वाद देश के लिए बड़ा संदेश है। चार जून को क्या परिणाम होगा, वह आज करौली में स्पष्ट दिख रहा है। करौली बता रहा है, चार जून 400 पार। पूरा राजस्थान कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। 2024 का लोकसभा चुनाव, कौन सांसद बनेगा या कौन नहीं बन सकता है, इसके लिए नहीं है। यह चुनाव विकसित भारत को नई ऊर्जा देने का चुनाव है। समस्याओं के आगे कांग्रेस ने हाथ खड़े कर दिए। कांग्रेस दशकों को तक गरीबी हटाओ का नारा देती रही, लेकिन मोदी ने 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकालने का काम किया है।

**पीएम ने इन योजनाओं का किया जिक्रः** पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि का जिक्र करते हुए कहा कि करौली-धौलपुर के सवा तीन लाख किसानों के खातों में 700 करोड़ रुपये से अधिक भेजे गए हैं। करौली में 80 हजार से ज्यादा किसानों को पशुओं के लिए डेढ़ लाख से ज्यादा टीके मुफ्त टीके उपलब्ध करवाए हैं। राजस्थान में मोटा अनाज होता है। पहले मोटा अनाज पैदा करने वाले किसानों को कोई पूछता नहीं था। हमने दुनिया को बताया कि हमारा मोटा अनाज सुपर फूड है। आज वही मोटा अनाज श्री अन्न के रूप में जाना जा रहा है।

पिछले वर्ष अमेरिका में व्हाइट हाऊस में मुझे निमंत्रण मिला। वहां भोज में सब कुछ वेजिटेरियन था और वहां हमारा मोटा अनाज भी था। इससे राजस्थान के किसानों को बहुत बड़ा लाभ होने जा रहा है। एनडीए सरकार की तमाम योजनाओं का जिक्र किया, जिसमें पक्के घर, शौचालय और उज्ज्वला सिलेंडर की बात कही। उन्होंने कहा कि अब हम देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का काम कर रहे हैं। मोदी ने पूछा कि यह काम पहले होने चाहिए थे कि नहीं होने चाहिए थे। पीएम ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा कि कश्मीर से 370 हट गया तो इसमें राजस्थान का क्या वास्ता। मैं उन्हें जवाब देता हूं, कांग्रेस नेता समझ लें कि राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता है।

### सीएम भजनलाल शर्मा बोले, मोदी ने देश बचाने का काम किया

कोरोना की महामारी में पूरी दुनिया घबराई थी। लोग कहते थे कि इतना बड़ा जनसंख्या वाला देश भारत का क्या होगा? लेकिन प्रधानमंत्री ने हमारे देश को बचाने का काम तो किया, बल्कि दुनिया के 100 देशों को वैक्सीन देने का काम किया। रक्षा सौदों में हम विदेश पर निर्भर रहते थे। आज हम रक्षा सौदे में पूरा सामान बनाने का काम करते हैं और हमारे मित्र देशों की जरूरत भी पूरी हो रही है। अब शिक्षा और मेडिकल के क्षेत्र में भी हम आगे हैं। वंदे भारत 2019 में पहली बार शुरू की और आज सभी प्रदेश इससे जुड़ चुके हैं। हमारे पूर्वी राजस्थान में सबसे बड़ी समस्या पानी की थी। प्रधानमंत्री ने ईआरसीपी जैसी योजना को पूरा करने का काम किया है। यहां 21 जिलों में पीने का पानी भी मिलेगा और दो लाख 80 हजार हेक्टेयर सिंचाई के लिए भी मिलेगा।

### मोदी बोले, इस बार जब 19 तारीख को वोट देने जाएं तो बटन ऐसे दबाइए ताकि पापियों को सजा देने पर संतोष मिले

मोदी ने कहा कि आज मैं आपको कांग्रेस का महापाप बताता हूं, जो उन्होंने राजस्थान के सम्मान और पहचान के साथ खिलवाड़ किया था। कांग्रेस ने राजस्थान में तुष्टिकरण का खेल खेला। यह वह धरती है, जो मदन मोहन जी के विग्रह के लिए बलिदान देने के लिए तैयार हो गई। उसी धरती पर कांग्रेस मंदिरों को गिराने के लिए तैयार हो गई। यहां राम मंदिर की शोभायात्रा पर पत्थरबाजी हुई। जिस धौलपुर ने भव्य राममंदिर के लिए पत्थर भेजे। उसी राम मंदिर पर कांग्रेस के लोग कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं। इनकी साथी पार्टी सनातन को नष्ट करने की बात करते हैं और कांग्रेस वाले मौन खड़े रहते हैं। इस बार जब 19 तारीख को वोट देने जाएं तो बटन ऐसे दबाइए ताकि पापियों को सजा देने संतोष मिले।

# सीएम भगवंत मान और संजय सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप



**चंडीगढ़ ।** इससे पहले आम आदमी पार्टी की तरफ से भी शिअद के खिलाफ चुनाव आयोग को शिकायत दी गई थी। आरोप लगाया था कि शिअद प्रधान सुखबीर सिंह बादल इन दिनों पंजाब बचाओ यात्रा पर निकले हुए हैं। इस यात्रा में बच्चों का भी इस्तेमाल किया गया है और उनसे नारे लगाए गए हैं, जो आचार संहिता का उल्लंघन है। इस मामले को लेकर चुनाव आयोग ने रिपोर्ट मांगी हुई है। शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत दी है। शिअद ने कहा है कि सीएम आवास व सरकारी मशीनरी का उपयोग राजनीतिक बैठकों के लिए करके आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है, इसलिए इस मामले में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। शिअद के मुख्य प्रवक्ता अर्शदीप सिंह कलेर ने अपनी शिकायत में कहा कि मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद ने अपने राजनीतिक पदों का मिसयूज किया है।

आम आदमी पार्टी के राजनीतिक एजेंडे के प्रचार के लिए मुख्यमंत्री के अधिकारिक आवास और पंजाब सरकार के मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल करके आचार संहिता का उल्लघंन किया गया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 12 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित










# कपिल मोहन गुप्ता की पत्नी को हिरासत में लेने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित होकर घेरा सिहानी गेट थाना

## जब पुलिस पर बढ़ा दबाव तो महिला को किया भाजपा नेताओं को ही सुपुर्द

### करीब चार घंटे तक थाने में बैठाने का है आरोप

गाजियाबाद ,करंट क्राइम । ट्रैफिक सिग्नल बंद होने के मामले और लापरवाही का आरोप लगाते हुए सिहानी गेट थाने में बीते दिनों नगर निगम अधिकारियों के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में सिहानी गेट पुलिस ने कपिल मोहन गुप्ता की पत्नी अलका गुप्ता को हिरासत में लेना गुरुवार को भारी पड़ गया। पुलिस शाम करीब 5:30 बजे अलका गुप्ता को हिरासत में लेकर आ गई। जैसे ही यह जानकारी भाजपा के संगठन और नेताओं को पहुंची तो इसके बाद बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सिहानी गेट पहुंचे। यहां पहुंचे कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्होंने पुलिस के प्रमुख अधिकारियों को फोन लगाए लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित होकर अलका गुप्ता को छुड़ाने के लिए कानून और नियमों का हवाला दिया तो मामलातूल पकड़ने लगा। भाजपा नेताओं की संख्या बढ़ने पर पुलिस ने उनको रात करीब 9 बजे के बाद थाने से छोड़ा है।





### पुलिस को भारी पड़ा मामले में तेजी दिखाना

करंट क्राइम। सिहानी गेट थाने में भाजपा नेताओं की मौजूदगी बढ़ती जा रही थी और यह संदेश सोशल मीडिया और मीडिया के बीच भी पहुंच चुका था। जिसके बाद अधिकारियों ने आपस में वातार्लाप करते हुए अलका गुप्ता को भाजपा नेताओं को सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में नगर निगम के अधिकारियों की ओर से मुकदमे में गिरफ्तारी का दबाव है। तो वहीं भाजपा के नेता इस पूरे मामले में खुल के अलका गुप्ता के समर्थन में पहुंचे थे।

### चुनावी सीजन में तूल पकड़ सकता है यह मामला

करंट क्राइम। गुरुवार को जिस तरीके से सिहानी गेट थाने में पुलिस को बैक फुट पर आते हुए भाजपा नेताओं के आकोशित विरोध प्रदर्शन के आगे अलका गुप्ता को छोड़ना पड़ा तो यह मामला पुलिस के लिए आने वाले दिनों में भारी पड़ सकता है। इस पूरे मामले में चार लोगों पर नामजद मुकदमा गंभीर धाराओं में दर्ज है, जिसको लेकर नगर निगम के अधिकारी भी कार्रवाई वाला दबाव बना रहे हैं। ऐसे में भाजपा के बड़ी संख्या में पहुंचे नेता का जोश पुलिस से हाई नजर आया है।

**ट्रैफिक सिग्नल बंद होने के मामले और लापरवाही का आरोप लगाते हुए सिहानी गेट थाने में बीते दिनों नगर निगम अधिकारियों के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था।**



भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी कपिल मोहन गुप्ता की पत्नी अलका गुप्ता को छुड़ाने की मांग पर अड़े हुए थे। नेताओं और अधिकारियों से बातचीत कर अलका गुप्ता को भाजपा नेताओं की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। अलका गुप्ता को पुलिस एक मुकदमें के मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर आई थी।

–रवि सिंह एसीपी नंदग्राम

### भाजपा नेताओं ने पुलिस अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

करंट क्राइम। दैनिक करंट क्राइम ने इस मामले में जब भाजपा के पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि अलका गुप्ता को हिरासत में लिए जाने की सूचना जैसे ही भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को लगी तो भाजपा के भाजपा कामेश्वर त्यागी, संदीप त्यागी, नवनीत गुप्ता, भूषण यादव, पार्षद शीतल चौधरी, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, राकेश त्यागी, अनिल स्वामी और सुमन सिंह यहां पहुंच गए। उन्होंने अधिकारियों के सामने कानूनी पक्ष रखा और कहा कि महिला को हिरासत में क्यों लिया गया है, इसका विरोध किया। जिसके बाद पुलिस के अधिकारियों ने लगभग चार घंटे से अधिक हिरासत में रखने के बाद कपिल मोहन गुप्ता की पत्नी अलका गुप्ता को हिमांशु मित्तल, अनिल स्वामी, प्रदीप चौहान और शीतल चौधरी को लिखित सुपुर्दगी में सौंपा।

# मुरादनगर कार्यालय की ओपनिंग के दौरान, क्या हो गया था कोई घमासान

## ज्वाइनिंग वाले चेहरे की आहट पाकर, आहत हो गया वैश्य नेता का दिल

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा चुनावी स्लेबस की पूरी तैयारी के साथ मैदान में है और उसे ये लग रहा है कि कोई भी अन्य दल का प्रतिद्वंदी उसके आसपास भी नहीं है। लेकिन भाजपा के भीतर अपना ही द्वंद चल रहा है। उसे बाहर के किसी प्रतिद्वंदी की आवश्यकता नहीं है। उसके भीतर ही उसके प्रतिद्वंदी मौजदू हैं। जिन लोगों ने बागी होकर चुनाव लड़ा। उन लोगों को लेकर भाजपा का संगठन राजी हो गया। भाजपा के जो नेता अपनी राजनीति में दूसरे दलों के नेताओं के खिलाफ संघर्ष करते आयें हैं अब भाजपा का संगठन उन विरोधी नेताओं को ही भाजपाई बना रहा है। भाजपा के नेता कुछ कह नहीं रहे लेकिन उन्हें ये अंदाज कतई पसंद नहीं आ रहा है। जिन लोगों से राजनीतिक मतभेद रहें है वो अब भाजपाई हो रहे हैं। सीन ये है कि भाजपा का कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम भाजपा के नेता को ही टेंशन दे रहा है। जिन लोगों से सियासी तल्खी रही है अब उन लोगों से दोस्ती करनी है। किस्सा मुरादनगर से जुड़ा है और यहां पर कुनबा एक्सटेंशन की भगवा टेंशन देखने को मिली। मुरादनगर में भाजपा ने अपना चुनाव कार्यालय खोला है और भाजपा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में यहां के एक वैश्य नेता भी मौजूद थे। ये वैश्य नेता मुरादनगर की राजनीति में मजबूत दखल रखते हैं। लेकिन यहां टेंशन तब हुई जब वैश्य नेता को पता चला कि कुनबा एक्सटेंशन में तो उनके पूर्व प्रतिद्वंदी को भाजपा ज्वाईन करायी जा रही है। नाराजगी की वजह भी थी कि जिस चेहरे को भाजपा ज्वाईन करायी जा रही है उस चेहरे की वजह से भाजपा के वैश्य नेता को सियासी और चुनावी नुकसान उठाना पड़ा था। बताते हैं कि यहां पर ज्वाइनिंग को लेकर वैश्य नेता विचलित हो गये और उन्होंने अपनी नाराजगी सार्वजनिक रूप से प्रकट करनी शुरू कर दी। ज्वाईनिंग का विरोध करने वाले नेता भी वहीं मौजूद थे और ज्वाईन करने वाले नेता भी वहीं मौजूद थे। लेकिन विरोध की आवाज को भाजपा का दामन थामने वाले नेता ने अपने नारों से स्लो कर दिया। वैश्य नेता विरोध का स्वर बुलंद करते रहे और भाजपा ज्वाईन करने वाले नेता लाउड स्वर में भाजपा जिंदाबाद करते रहे। यहां पर लोकसभा वालों ने उन्हें राधे का नाम लेकर गले में पटका पहना दिया और सितम तो तब हुआ जब रिबन भी उन्हीं से कटवाया गया जिन्होंने भाजपा ज्वाईन की है। बताते हैं कि यहां पर भाजपा के वैश्य नेता बेहद नाराज दिखाई दिये और मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीचबचाव कराया। इस सीन को देखने वाले भाजपाईयों को भी ये अंदाज कुछ पसंद नहीं आया। उनका भी कहना था कि अगर पहले से समन्वय की भूमिका तैयार कर ली जाये तो ऐसे दृश्य से बचा जा सकता है। वहीं भाजपाईयों के एक गुट का कहना है कि हमने जिनके खिलाफ भाजपा का झंडा उठाकर जंग लड़ी है अब उन्हीं को भाजपा में शामिल कराकर कौनसा रंग जमाना चाह रही है।

# इस बार लोकसभा का चुनाव दे रहा है अलग संदेश, ना पकड़ी जा रही है शराब और ना आचार संहिता के उल्लंघन की आ रही है खबर

गाजियाबाद, करंट क्राइम । गाजियाबाद में 26 अप्रैल को लोकसभा का चुनाव है और मतदान की तिथि तय हो चुकी है। नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार और डोर टू डोर जनसंपर्क शुरू कर दिया है। चुनावी रैली से लेकर जनसभाएं हो रही हैं लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर अलग संदेश और चलन चल रहा है। पुलिस, आबकारी विभाग ने अभी तक शराब तस्करी और चुनावी शराब छुपाने को लेकर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है। इसी के साथ ना ही आचार संहिता के मामलों को लेकर भी ना तो सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर सूचनाओं प्रसारित की जा रही हैं और ना ही गाजियाबाद पुलिस की मीडिया सेल इस पर कुछ जारी कर रही है। चुनाव में क्राइम कंट्रोल से ज्यादा चुनावी आचार संहिता और नियमों को तोड़ने वाले रडार पर आते हैं पर इस बार सीन बहुत ही अलग वाला चलता बताया जा रहा है। अभी तक पुलिस कमिश्नरेट की ओर से कोई बड़ा प्रेसनोट और खुलासा भी नहीं किया गया है।

### पहले तोड़ी जाती थीं शराब की भट्टी और जमा होती थी असलहों की खेप



करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में यह पहला लोकसभा चुनाव हो रहा है। इससे पहले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में गाजियाबाद पुलिस देहात और खादर के क्षेत्र में शराब की भट्टी और बड़े शराब माफिया पर सख्ता कार्रवाई करती थी। तो गाजियाबाद के रास्ते दिल्ली-एनसीआर और पश्चिम से लेकर पूर्व तक के इलाकों में हथियार तस्करी के गिरोह का भी चुनावी सिलसिले में खुलासा करती थी। इसके साथ ही लोकल स्तर पर हथियारों की सप्लाई करने वाली फैक्ट्री का भी भंडाफोड़ किया जाता था लेकिन इस बार ऐसी कार्रवाई व खुलासे नजर नहीं आ रहे हैं।

### चुनाव में बढ़ जाती है चोरी की गाड़ी वाली डिमांड

**करंट क्राइम।** पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि चुनावी सीजन में चोरी की गाड़ियों की डिमांड बढ़ जाती है। प्रत्याशी से लेकर उनके समर्थक अमूमन ऐसी गाड़ियों का इस्तेमाल करते हैं जो चोरी की होती हैं ताकि सीधे-सीधे प्रत्याशी और पार्टी पर कोई आंच ना आए। पूर्व में कई ऐसे खुलासे भी हुए हैं, जिसमें शराब और अन्य सामान से भरी गाड़ी चोरी की निकली थी।

### रोजाना के क्राइम पर भी आ गई है गिरावट !

**करंट क्राइम ।** 28 मार्च से गाजियाबाद में चुनावी कार्यक्रम शुरू हो गया था। पहले नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। 5 अप्रैल को स्कूटनी और 8 अप्रैल को नाम वापसी के बाद अब गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में 14 नाम लोकसभा चुनाव के लिए बचे हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि चुनावी सीजन में क्राइम काम हो जाता है और इस बार भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। सूत्रों पर भरोसा करें कि वाहन चोरी, लूटपाट, चोरी और डेली क्राइम में कटौती हुई है। तो वहीं साइबर क्राइम के मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है हालांकि अभी कमिश्नरेट पुलिस गाजियाबाद की ओर से कोई डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया है।

# याद कर रहे हैं कार्यकर्ता दिवंगत पूर्व विधायक सुरेश बंसल का चुनाव



गाजियाबाद करंट क्राइम। चुनाव आ गया है तो सभी राजनीतिक दलों के कार्यकताओं की फौज भी अपने अपने उम्मीदवार को चुनाव लड़ाने के लिए मैदान में उतर आई है। बसपा इस बार गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरनगर से उम्मीदवार लेकर आई है। उसने यहां नन्दकिशोर पुण्डीर को मैदान में उतारा है। उम्मीदवार ने नामांकन पत्र भी दाखिल भी दाखिल कर दिया है और चुनाव कार्यालय भी खोल लिया है। लोकसभा क्षेत्र में वो प्रचार भी कर रहे है लेकिन ऐसा क्या है कि अब बसपा कार्यकर्ता दिवंगत पूर्व विधायक सुरेश बंसल का चुनाव याद कर रहे हैं। उन्हें चुनाव का वो पूरा नक्शा याद आ रहा है। उनका कहना है कि तब ये लगता था कि चुनाव हो रहा है। यहां कार्यकताओं की अभिलाषा किसी सुविधा या अन्य चीज से नहीं है लेकिन वो चुनाव के उत्साह और चुनाव की सक्रियता का मिस कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब सुरेश बंसल चुनाव लड़ते थे तो गली और मौहल्लों से उनकी कनैक्टिविटी रहती थी। दौलतुपरा से लेकर कल्लुपुरा तक वो सक्रिय रहते थे। एक्टिविटी रहती थी। ऐसा नहीं है कि वो केवल विधानसभा चुनाव लड़े है वो लोकसभा का चुनाव भी लड़े और करीब साढे चार लाख वोट भी लेकर आये। सुरेश बंसल चुनाव को चुनाव के तरीके से लड़ते थे। वो धौलाना जैसे ठाकुर बैल्ट में चुनाव लड़े और जब वो राजनीति में सक्रिय होकर चुनाव लड़ते थे तो रोजा इफ्तार भी होता था और सामाजिक समरसता भी दिखाई देती थी। कार्यकर्ता ही ये कह रहे है कि सुरेश बंसल के चुनाव की हवा ही कुछ और थी। जब कि हमें जिस समीकरण पर चुनाव लड़ना है हमारा चुनाव ही वहां पर कनैक्ट नहीं हो रहा है। हम जिस बड़े संदेश को अपने कैडर वोट मे देना चाहते है उस संदेश देने के लिए सुरेश बंसल काफी पकड़ से काम किया करते थे। केडर वोट उनके साथ जुट जाया करता था। कार्यकर्ता उनके चुनाव लड़ने के अंदाज को याद कर रहे है। वो बता रहे है कि सुरेश बंसल सर्वस्वीकार्य चेहरा रहे है। वो चुनाव लड़ते थे तो एक रौनक नजर आती थी। सबको साथ लेकर चलने की उनकी अदा सबको पंसद आती थी। वर्तमान चुनाव में कार्यकर्ताओं का सुरेश बंसल को याद करना काफी कुछ बयां कर रहा है। गौरतलब है कि दिवंगत सुरेश बंसल वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव सपा के टिकट पर बसपा से गठबंधन करके लड़े थे। जिसमें उन्हें बसपा केडर वोटों का भी भरपूर समर्थन मिला था।

# अखिलेश यादव और राहुल गांधी कर सकते हैं गाजियाबाद में रोड शो

गाजियाबाद, करंट क्राइम । कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गाजियाबाद में इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा के लिए रोड शो कर सकते हैं। रोड शो किस इलाके और कमिश्नरेट सिस्टम के किस जोन में होगा अभी यह तय नहीं है लेकिन पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि रोड शो को लेकर राहुल गांधी और अखिलेश यादव ज्यादा मूड में हैं। वहीं चर्चा यह हो रही है कि गाजियाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो होने के बाद अब विपक्ष भी रोड शो वाली पॉलिटिक्स करना चाह रहा है। रोड शो में भीड़ से माहौल बनाने और लोगों को इसमें शामिल करने के लिए तैयारियां भी चालू होने की चर्चाएं सुनाई दे रही हैं।

### डेट को लेकर चल रहा है डिस्कशन

### क्या अखिलेश और राहुल दे पाएंगे रोड शो से बड़ा संदेश

करंट क्राइम । गजियाबाद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान है। मतदान से पूर्व सभी पार्टी अपने–अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटी हुई हैं। भारतीय जनता पार्टी पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम करवा चुकी है। तो वहीं भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य सहित संगठन के पदाधिकारी यहां अपने कार्यक्रम लगा चुके हैं। वहीं अभी इंडिया गठबंधन की ओर से सोशल मीडिया प्रभारी पंखुड़ी पाठक के अलावा अभी कोई प्रमुख नेता गाजियाबाद नहीं आया है। उम्मीद की जा रही है कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी यहां रोड शो करके युवाओं से लेकर अपने मतदाताओं के बीच एक संदेश देने का काम करना चाहते हैं कि उनका जो चुनावी मेनिफेस्टो है वह सरकार आने के बाद पूरी तरीके से लागू किया जाएगा। वहीं कांग्रेस और सपा के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी के कई और नेताओं का समय भी गाजियाबाद के लिए मांगा जा रहा है।



### क्या इस बार सिटी में होगा राहुल-अखिलेश का रोड शो



करंट क्राइम । गाजियाबाद में प्रियंका गांधी ने डॉली शर्मा के लिए पूर्व में एक बार रोड शो किया था, तो वही प्रियंका गांधी विजयनगर के अंबेडकर और मरियम नगर इलाके में भी रोड शो कर चुकी हैं जबकि राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोनी इलाके में लंबी यात्रा निकाली थी। अब लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीद की जा रही है कि इस बार राहुल गांधी और उनके साथ अखिलेश यादव का रोड शो सिटी इलाके में ना किया जाए। इसका कयास इसलिए भी लगाया जा रहा है क्योंकि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो रोड शो किया था वह सिटी इलाके में किया था। यहीं वजह नजर आ रही है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी सिटी वाले इलाके को चुनें। फिलहाल अभी कांग्रेस और सपा गठबंधन और संगठन की ओर से स्थान और तिथि को लेकर स्थिति साफ नहीं की गई है।

## संपादकीय

# क्या यही जनतंत्र है?

कोई भी चुनाव हो वह जनतंत्र का उत्सव ही नहीं होता बल्कि एक तरह से प्राण भी होता है। जनता की सार्थकता का एक पैमाना यह भी है कि मतदाता कितनी स्वतंत्रता और समझदारी से मतदान के द्वारा अपना प्रतिनिधि चुनता है। चुनाव लड़ने के लिए पैसे की आवश्यकता होती है, यह निर्विवाद है। मतदाता तक पहुंचने के लिए, उस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए जरूरी साधन बिना पैसे के नहीं जुट सकते। सवाल यहां कितने पैसे खर्च करने का है। चुनाव आयोग द्वारा लगाए गये अनुमान के आधार पर यह सीमा तय की गयी है कि लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार क्रमश: 75 लाख और 40 लाख रुपये खर्च कर सकता है। व्यवस्था यह भी की गयी है कि मतदान के बाद एक निश्चित अवधि में उम्मीदवारों द्वारा चुनाव में किये गये खर्च का पूरा ब्योरा देना होता है, और यदि यह खर्च तय सीमा से अधिक पाया जाता है तो चुनाव- परिणाम रद्द भी घोषित किया जा सकता है। तो क्या हमारे यहां 75 अथवा 40 लाख रुपये में चुनाव लड़ा जा सकता है? इस प्रश्न का एक उत्तर तो यह है कि चुनाव खर्च की सीमा सिर्फ उम्मीदवार द्वारा खर्च की गयी राशि के लिए ही निर्धारित है, राजनीतिक दल अपने उम्मीदवार के लिए कितना भी खर्च करने के लिए स्वतंत्र हैं! इसीलिए सभी राजनीतिक दल अपने स्टार प्रचारकों की सूची घोषित करते हैं और उनके द्वारा किया गया खर्च चुनाव-आयोग की जांच के अंतर्गत नहीं आता। यह स्टार प्रचारक चार्टर्ड विमान द्वारा यात्रा करते हैं, लंबे-चौड़े रोड शो करते हैं, लाखों समर्थकों वाली रैलियां करते हैं। यह सारा खर्च राजनीतिक दल करते हैं। इसीलिए इन दलों द्वारा की गई उगाही को लेकर सवाल उठते हैं।

यह सवाल भी अक्सर उठा है कि चुनावों में होने वाला असीमित खर्च जनतंत्र में सबको समान अवसर की अवधारणा को ही सवालों के घेरे में नहीं ले आता? ज्ञातव्य है कि आज देश की लगभग आधी आबादी गरीबी रेखा के नीचे का जीवन जी रही है। सरकारी पक्ष भले ही बीस करोड़ से अधिक लोगों को इस रेखा से ऊपर ले आने का दावा कर रहा हो, पर यह हकीकत अपने आप में भयावह है कि आज देश की अस्सी करोड़ जनता को सरकार द्वारा मुफ्त भोजन दिये जाने की जरूरत पड़ रही है। स्पष्ट है, अस्सी करोड़ लोग अपना पेट भरने लायक कमाई नहीं कर पा रहे हैं। विडंबना यह भी है कि मुफ्त खाद्यान्न दिये जाने की इस व्यवस्था को सत्तारूढ़ पक्ष अपनी उपलब्धि के रूप में भुना रहा है! सबको विकास का समान अवसर देने का दावा करता है जनतंत्र। चुनाव लड़ने के लिए भी समान अवसर जैसी कोई बात होनी चाहिए थी, पर विडंबना है कि हमारी व्यवस्था में ऐसी कोई बात नहीं है जो यह आश्वासन देती हो कि दुनिया का सबसे बड़ा जनतंत्र होने का दावा करने वाले हमारे देश में हर नागरिक चुनाव लड़ सकता है। यह दुर्भाग्य ही है कि हमारी चुनावी-व्यवस्था पर बाहुबली और धनबली हावी हैं। हमारी संसद के दोनों सदनों में करोड़पतियों का बड़ी संख्या में होना भी यही संकेत देता है कि देश का आम आदमी वोट भले ही दे सकता हो, और उसके वोट की कीमत भले ही उतनी ही हो जितनी खास आदमी के वोट की होती है, पर यह आम आदमी चुनाव लड़कर आसानी से संसद में नहीं पहुंच सकता। आज हमारी राज्यसभा में नब्बे प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं, 543 सांसदों वाली हमारी लोकसभा में 475 सांसदों का करोड़पति होना भी क्या यह नहीं बताता कि सांसद या विधायक बनने के लिए उम्मीदवार की जेब भारी होना भी एक जरूरी शर्त है!

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे, उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला

पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे। हरियाणा सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं।

सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं। देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चचाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे। दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे।



चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे।

जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े-बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था।

लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके। हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है।

# सबसे खराब समय अब पीछे छूट चुका है, परिचालन अब स्थिर, विस्तारा सीईओ ने सेवाओं पर दिया अपडेट


**नई दिल्ली।** विस्तारा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने हाल ही में उड़ान व्यवधानों का सामना करने के बाद एयरलाइन के कर्मचारियों से गुरुवार को कहा कि अब सबसे खराब स्थिति पीछे छूट गई है और परिचालन स्थिर हो चुका है।



पायलटों की समस्याओं ने टाटा समूह की एयरलाइन को अस्थायी रूप से क्षमता में 10 प्रतिशत या प्रतिदिन 25-30 उड़ानों की कटौती करने के लिए मजबूर कर दिया था। कन्नन ने कहा कि नए वित्त वर्ष की शुरूआत चुनौतीपूर्ण रही है। एयरलाइन को 31 मार्च से दो अप्रैल तक महत्वपूर्ण परिचालन व्यवधान का सामना करना पड़ा। यह स्वीकार करते हुए कि चीजों की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी, कन्नन ने कहा कि इससे काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कर्मचारियों को एक संदेश में कहा, हमारे ग्राहकों द्वारा महसूस की गई चिंता तथा हताशा उस दर्द के बाराबर है जिसे हमने अपने बहुचर्चित ब्रांड की विभिन्न हलकों में होती नकारात्मक टिप्पणी सुनकर महसूस किया... मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि सबसे खराब स्थिति अब पीछे छूट गई है और नौ अप्रैल 2024 को हमारे ऑन-टाइम प्रदर्शन (ओटीपी) के बढ़कर 89 प्रतिशत होने के साथ ही हमारा परिचालन स्थिर हो गया।

एयरलाइन के बेड़े में 70 विमान हैं। उसे मौजूदा ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम में हर दिन 300 से अधिक उड़ानें संचालित करनी हैं।

# एसबीआई ने आरटीआई कानून के तहत इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने से किया इनकार



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 14 मार्च को एसबीआई द्वारा जारी आंकड़ों को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित किया, जिसमें बॉन्ड भुनाने वाले राजनीतिक दलों और दानदाताओं का विवरण था। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च को प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के लिए अद्वितीय संख्या को रोककर पूरी जानकारी नहीं देने के लिए एसबीआई को फटकार लगाते हुए कहा था कि बैंक जानकारी का खुलासा करने के लिए कर्तव्यबद्ध था।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत चुनाव आयोग को दिए गए चुनावी बॉन्ड का ब्योरा देने से इनकार करते हुए दावा किया है कि यह व्यक्तिगत जानकारी है जिसे किसी जिम्मेदार हैसियत से रखा गया है। एसबीआई ने यह भी कहा कि इसके बावजूद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन मौजूद हैं।

चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना बताते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉन्ड का पूरा विवरण चुनाव आयोग को प्रस्तुत करे, आयोग से कहा गया था कि वह 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित करे।

11 मार्च को, अदालत ने समय सीमा के विस्तार की मांग करने वाली एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया और 12 मार्च को व्यावसायिक घंटों के अंत तक चुनाव आयोग को चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया। आरटीआई कार्यकर्ता कोमोडोर (सेवानिवृत्त) लोकेश बत्रा ने 13 मार्च को एसबीआई से संपर्क कर उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद चुनाव आयोग को उपलब्ध कराए गए इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा डेटा डिजिटल रूप में देने की मांग की थी।

बैंक ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दिए गए दो छूट प्रावधानों का हवाला देते हुए जानकारी से इनकार कियाझ्र इनमें धारा 8 (1) (ई) एक जिम्मेदार क्षमता में रखे गए रिकॉर्ड से संबंधित है और धारा 8 (1) (जे) व्यक्तिगत जानकारी को रोकने की अनुमति देती है। केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी तथा एसबीआई के उप महाप्रबंधक द्वारा बुधवार को दिए जवाब में कहा गया, आपके द्वारा मांगी गई सूचना में खरीदारों और राजनीतिक पार्टियों से जुड़ी जानकारी मांगी गई है और इसलिए इसका खुलासा नहीं किया जा सकता क्योंकि यह जानकारी एक जिम्मेदारी के तहत सार्वजनिक नहीं की जा सकती।आरटीआई कानून की धारा 8(1)(ई) और (जे) के तहत ऐसी जानकारी देने से छूट प्राप्त है। बत्रा ने एसबीआई द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे को भुगतान की गई फीस का विवरण भी मांगा था। इसका भुगतान चुनावी बॉन्ड के रिकॉर्ड के खुलासे के खिलाफ मामले का बचाव करने के लिए एसबीआई की ओर से किया गया था।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

एक बुजुर्ग ऑपरेशन टेवल पर लेटे थे
बड़ा ऑपरेशन होने वाला था और ऑपरेशन उनका दामाद करने वाला था
जब डाक्टर दामाद आया तो उन्होंने बड़े प्यार से कहा
बेटे में जानता हूँ कि तुम मुझे कुछ नहीं होने दोगे
अगर कुछ अनहोनी हो गयी तो तुम्हारी सास तुम्हारे साथ ही रहेगी फिर ऑपरेशन सफल रहा।

---

पहला दोस्त – खुशी और अफसोस की मिक्स फीलिंग कब आती है...?
दूसरा दोस्त – मुझे क्या पता, तू ही बता दे।
पहला दोस्त – जब स्कूल में साथ पढ़ी हुई लड़की बोल दे कि
मैं उन दिनों तुमको बहुत पसंद करती थी...!

---

दो महिलाएं आपस में बात कर रही थी...
बेलन भी एक विचित्र यंत्र है...
जिससे रोटी गोल होती है
और पति सीधा...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब एक माँ अपने बच्चे को जन्म देती है, उस वक्त उसे इतना दर्द होता है, जितना हमारे शरीर की 20 हड्डियां टूटने पर होता है।
- अगर कोई व्यक्ति ज्यादातर अपने नाखून चबाता रहता है, तो इसका मतलब है, के वह या तो परेशान है, या फिर किसी चिंता में डूबा हुआ है।
- जब कोई व्यक्ति सच बोलता है, तो उसके हाथ ज्यादा हिलते है, वही अगर कोई व्यक्ति झूट बोलता है, तो वह अपने शरीर में काम गतिविधि करता है।
- अगर आपको बहुत ज्यादा हंसी आ रही है, और आपकी हसी रुक नहीं रही है, तो आप अपने शरीर पर चोंटी (नुच) सकते है, इससे आपकी हसीं बंद हो जायेगी।
- हमारे हाथ की सबसे ज्यादा संवेदनशील ऊँगली अंगूठे के बाद वाली उंगली होती है।
- हमारे होठों की त्वचा 3 से 4 परतो से मिलकर बनी होती है, जिसकी वजह से होठों का रंग गुलाबी और लाल नजर आता है।
- अगर किसी की लम्बाई कम है, तो इसका 90 प्रतिशत मतलब है, जिस समय वह व्यक्ति गर्भाशय में था, उस समय उसकी माँ चिंतिति होगी।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# कोहली-बुमराह के बीच देखने को मिलेगी रोचक जंग, कप्तान के तौर पर हार्दिक-फाफ की होगी परीक्षा





**मुंबई।** आईपीएल 2024 के 25वें मुकाबले में गुरुवार को पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) से होगा। इस मैच में भारतीय टीम के दो अहम खिलाड़ी विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बीच रोचक जंग देखने मिलेगी। राष्ट्रीय टीम के लिए ये दोनों खिलाड़ी कई मैच पलट चुके हैं, लेकिन आईपीएल में इन दो दिग्गज खिलाड़ियों के बीच बल्ले और गेंद का रोमांच देखने लायक होगा। वहीं, लगातार कप्तानी के मामले में आलोचनाओं का सामना कर रहे हार्दिक पांड्या और फाफ डुप्लेसिस की भी कड़ी परीक्षा होगी। कोहली और बुमराह पर रहेंगी सभी की नजरें कोहली और बुमराह जब भी आमने-सामने होते हैं तो दोनों के बीच एक दिलचस्प मुकाबला देखने मिलता है। आंकड़ों को देखें तो कोहली बुमराह के खिलाफ 152.17 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। वहीं, बुमराह ने भी कोहली को आईपीएल में चार बार अपना शिकार बनाया है। कोहली आरसीबी के लिए ओपनिंग करने आते हैं, जबकि आमतौर पर बुमराह नई गेंद से मुंबई के लिए शुरूआत करते हैं। दोनों टीमों के बीच इस मैच में कोहली और बुमराह पर एक बार फिर सभी की नजरें होंगी और यह देखना दिलचस्प रहेगा कि कौन किस पर भारी पड़ता है। कोहली के अलावा अन्य बल्लेबाजों का ना चलना आरसीबी के लिए चिंता का विषय आरसीबी के लिए पूर्व कप्तान विराट कोहली शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक भी जड़ा था। हालांकि उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों का ना चलना टीम के लिए चिंता का विषय है जिसका अभियान इस सीजन खराब रहा है। आरसीबी के अन्य बल्लेबाजों विशेषकर विदेशी खिलाड़ियों को देर होने से पहले लय तलाशनी होगी। टीम के कप्तान फाफ डुप्लेसिस तेज शुरूआत कर रहे हैं, लेकिन वह अपनी पारी को ज्यादा देर नहीं खींच पा रहे। वहीं, ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन का बल्ला तो एकदम खामोश चल रहा है। फाफ की कप्तानी पर उठे थे सवाल फाफ डुप्लेसिस ने राजस्थान के खिलाफ कप्तानी में कुछ गलतियां की थी जिसका नुकसान टीम को उठाना पड़ा था। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल से उस मैच में एक भी ओवर नहीं कराया था जो टीम के लिए इस सीजन सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। इससे फाफ की कप्तानी पर सवाल उठे थे और कई पूर्व खिलाड़ियों ने उनकी आलोचना की थी। मुंबई को जल्दी करनी होगी वापसी आमतौर पर आईपीएल में धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई इंडियंस के लिए यह सीजन अबतक बुरे सपने की तरह रहा है। टीम नए कप्तान हार्दिक पांड्या की अगुआई में चार में से एक ही मुकाबला जीत सकी है। टीम को पता है कि अगर जल्द ही वापसी नहीं की तो उसके लिए आगे की राहें काफी कठिन हो जाएगी इसलिए उसका इरादा आरसीबी के खिलाफ जीत दर्ज करने पर होगा जिससे टीम का मनोबल बढ़े।

# गुजरात के खिलाफ मिली हार के बाद सैमसन को लगा एक और झटका, भरना होगा लाखों का जुर्माना



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के लिए बुधवार का दिन अच्छा नहीं रहा। पहला उनकी टीम को बारिश से बाधित मुकाबले में गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा, वहीं अब उन पर लाखों का जुमार्ना भी लगाया गया है। राजस्थान के कप्तान पर गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। राजस्थान को मिली थी सीजन की पहली हार राजस्थान को गुजरात टाइटंस ने तीन विकेट से हराया था जो टीम की इस सीजन पहली हार है। राजस्थान ने इससे पहले लगातार चार मुकाबले जीते थे, लेकिन शुभमन गिल की अगुआई वाले गुजरात ने राजस्थान का विजय रथ रोक दिया था। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 196 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 199 रन बनाए। राशिद खान ने आखिरी दो ओवरों में मैच का पासा गुजरात के हक में पलट दिया था। हार के बावजूद तालिका में शीर्ष पर है राजस्थान गुजरात इस जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। अब टीम के खाते में छह अंक हो गए हैं। वहीं, पंजाब को नुकसान झेलना पड़ा है। वह सातवें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि मुकाबला हारने के बावजूद राजस्थान को तालिका में कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और वह पांच मैचों में चार जीत और एक हार के साथ आठ अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है। राजस्थान का सीजन का पहला अपराध आईपीएल ने बयान में बताया कि राजस्थान रॉयल्स का इस सीजन यह पहला अपराध है इसलिए उन पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल ने कहा, चूंकि राजस्थान रॉयल्स टीम का आईपीएल की अचार संहिता के उल्लंघन का इस सीजन का यह पहला अपराध है इसलिए सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया जा रहा है। राजस्थान का अब पंजाब से होगा सामना राजस्थान टीम का सामना अब 13 अप्रैल को पंजाब किंग्स से होगा जिसे अपने होम ग्राउंड पर पिछले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से दो रन से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, गुजरात टाइटंस की टीम अब 17 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलेगी।

# टूर्नामेंट में जमकर आग उगल रहा है भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 सीजन में अबतक 24 मुकाबले खेले जा चुके हैं और संजू सैमसन की अगुआई वाली टीम फिलहाल आठ अंकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष पर बनी हुई है। आईपीएल के मौजूदा सीजन के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। इस वैश्विक टूर्नामेंट से भारत के लिए एक राहत की खबर है। आईपीएल में विराट कोहली, शुभमन गिल सहित भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला जमकर आग उगल रहा है। शीर्ष पांच में सभी भारतीय आईपीएल 2024 के सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष पांच में सभी भारतीय खिलाड़ी हैं। इस लिस्ट में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली शीर्ष पर हैं, जबकि अन्य बल्लेबाजों में राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग, गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और गुजरात के बल्लेबाज साई सुदर्शन शामिल हैं। फिलहाल कोहली पांच मैचों में 146.29 की स्ट्राइक रेट के साथ 316 रन बनाकर ऑरेंज कैप की दौड़ में आगे चल रहे हैं। उनके पीछे रियान पराग हैं जिन्होंने इस आईपीएल में अबतक खेले पांच मैचों में 158.18 की स्ट्राइक रेट से 261 रन बनाए हैं। हालांकि यह टूर्नामेंट का शुरूआती दौर है और आगे इस लिस्ट में परिवर्तन होना संभव है, लेकिन जिस तरह इस लिस्ट में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा बना हुआ है वो टी20 विश्व कप से पहले भारत के लिए राहत की खबर है। जमकर बोल रहा कोहली का बल्ला कोहली का बल्ला आईपीएल में जमकर चल रहा है और वह अबतक दो अर्धशतक और एक शतक लगा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब यह लगभग तय हो गया है कि कोहली टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे। वह आईपीएल के मौजूदा सीजन में पांच मैचों में 316 रन बना चुके हैं। वह लीग में फिलहाल भले ही सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन उनके स्ट्राइक रेट पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। रियान लगा चुके हैं अबतक तीन अर्धशतक आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले रियान पराग अपनी शानदार बल्लेबाजी से इस सीजन सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को खेले गए मुकाबले में अर्धशतक जड़ा था। रियान के लिए आईपीएल 2024 का सीजन भले ही आशा के अनुरूप रहा है, लेकिन इस बल्लेबाज ने आईपीएल में चमकने के लिए कड़ा संघर्ष किया है। रियान प्रतिभा के धनी हैं, लेकिन इस टूनार्मेंट में इससे पहले उनका बल्ला कुछ ज्यादा नहीं चला था। रियान ने 2019 में डेब्यू किया था और पांच सीजन तक सिर्फ दो अर्धशतक ही जड़ सके थे। आईपीएल में जलवा बिखेर रहा गिल का बल्ला गुजरात के कप्तान शुभमन गिल उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार हैं। गिल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 44 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 72 रन की पारी खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गिल इस दौरान आईपीएल में सबसे कम उम्र में 3000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने इस मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ा। गिल आईपीएल के इस सीजन में छह मैचों में 151.78 की स्ट्राइक रेट से 255 रन बना चुके हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। इस सीजन गिल का सर्वोच्च स्कोर नाबाद 89 रन रहा है। राजस्थान के लिए उपयोगी पारियां खेल रहे हैं सैमसन राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन राजस्थान के लिए काफी उपयोगी पारियां खेल रहे हैं। राजस्थान की टीम फिलहाल पांच मैचों में चार जीत और एक हार के साथ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। राजस्थान की टीम इस सीजन टूर्नामेंट की एकमात्र टीम है जिसने लगातार चार मैच जीते थे। हालांकि गुजरात ने बुधवार रात खेले गए मैच में राजस्थान का विजय रथ तोड़ दिया था। सैमसन ने इस मैच में भी शानदार प्रदर्शन किया था और 38 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 68 रनों की पारी खेली थी। सैमसन अबतक इस सीजन खेले पांच मैचों में 157.69 की स्ट्राइक रेट से 246 रन बना चुके हैं और उनके बल्ले से तीन अर्धशतक निकले हैं। सैमसन भी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं। टुकड़ों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं सुदर्शनगुजरात के बल्लेबाज साई सुदर्शन के बल्ले से भले ही अबतक इस सीजन एक भी अर्धशतक नहीं निकला है, लेकिन वह टुकड़ों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। सुदर्शन ने अबतक पांच मैचों में 45, 37, 45, 33, 31, और 35 रन बनाए हैं। सुदर्शन फिलहाल 127.68 की स्ट्राइक रेट से 226 रन बना चुके हैं। सुदर्शन के प्रदर्शन ने इस सीजन अबतक काफी प्रभावित किया है।

# पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर भाला फेंक सकता हूं : नीरज चोपड़ा



**पेरिस।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाये हैं। साथ ही उनका कहना है कि जिस तरह से उनकी तैयारी चल रही है, यह किसी भी समय हो सकता है। बता दें कि, चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था। ट्रेनिंग में वह 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं लेकिन प्रतियोगिता में वह अभी तक इसकी बराबरी नहीं कर पाये हैं। पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक को बरकरार रखने का लक्ष्य बनाने वाले इस 26 साल के एथलीट ने गुरुवार को कहा कि, मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा। उम्मीद करता हूं कि यह पेरिस ओलंपिक से पहले हो जाये। वैसे अभी हर चीज सही दिशा में आगे बढ़ रही है इसलिये लोगों को शायद ओलंपिक तक इंतजार नहीं करना पड़े और यह इससे पहले ही हो जाये। तैयारियां अच्छी चल रही हैं। मौजूदा विश्व चैम्पियन के लिए सत्र से इतर अभ्यास अच्छा रहा है जिसमें उन्होंने अपनी फिटनेस और स्ट्रेंथ पर ध्यान लगाया है। उन्होंने कहा, सत्र के शुरू में ध्यान फिटनेस और स्ट्रेंथ पर था, जिसमें भाला फेंकने की कोई विशेष ट्रेनिंग नहीं थी। मुझे लगता है कि इससे मेरी तकनीक में काफी सुधार हुआ। साथ ही दक्षिण अफ्रीका और तुर्की में भी स्ट्रेंथ एंव अनुकूलन ट्रेनिंग अच्छी रही। चोपड़ा ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक की सफलता के बाद उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है जिससे उन्हें पेरिस ओलंपिक में काफी मदद मिलेगी।

# हार्दिक और कुणाल के साथ धोखा कर रहा था उनका भाई! पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल 2024 का सीजन अच्छा नहीं रहा है और टीम को उनकी कप्तानी में चार में से तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। मुंबई इंडियंस को अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम पर गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबला खेलना है। इस बड़े मैच से पहले ही अब हार्दिक और उनके भाई क्रुणाल पांड्या से करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार, इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को चुना और किसी ने नहीं बल्कि इनके सौतेले भाई वैभव पांड्या ने लगाया है। हार्दिक-क्रुणाल से हुई 4.3 करोड़ रुपये की ठगी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वैभव पर पार्टनरशिप फर्म के जरिये हार्दिक और क्रुणाल को 4.3 करोड़ रुपये का चुना लगाने का आरोप लगा है। हार्दिक और क्रुणाल की शिकायत पर ही मुंबई पुलिस की इकॉनोमिक ऑफिंस विंग ने मामला दर्ज कर वैभव को गिरफ्तार कर लिया है। वैभव पर धोखा देने और जालसाजी के आरोप में मुकादमा दर्ज हुआ है और इसी के तहत उन पर कार्रवाई की गई है। क्या है पूरा मामला? हार्दिक, क्रुणाल और वैभव ने तीन साल पहले संयुक्त रूप से पॉलिमर बिजनेस की शुरूआत की थी। इसमें हार्दिक और क्रुणाल की 40-40 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी, जबकि उनके सौतेले भाई वैभव 20 प्रतिशत के हिस्सेदार थे और बिजनेस का दैनिक कामकाज संभालने का जिम्मा भी उन पर ही था। पार्टनरशिप के करार के अनुसार, इसी के तहत तीनों के बीच लाभ का बंटवारा होना तय हुआ था। लेकिन आरोप यह है कि वैभव ने हार्दिक और क्रुणाल को बताए बिना ही ऐसा ही एक और बिजनेस शुरू किया जो पार्टनरशिप करार का उल्लंघन है। इसका नतीजा यह हुआ कि इन तीनों के बीच ऑरिजिनल बिजनेस के मुनाफे में गिरावट आई जिसके कारण इन्हें करीब तीन करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वैभव पर यह भी आरोप लगे हैं कि उन्होंने चुपके से अपने मुनाफे की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 33.3 फीसदी कर दी थी जिससे हार्दिक और क्रुणाल पर वित्तीय प्रभाव पड़ा। जब इस बात की जानकारी पांड्या ब्रदर्स को लगी तो उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत की और मामला आगे बढ़ा। हालांकि इस मामले को लेकर अबतक हार्दिक या क्रुणाल में से किसी का कोई बयान सामने नहीं आया है। आईपीएल में व्यस्त हैं पांड्या ब्रदर्स हार्दिक पांड्या और क्रुणाल पांड्या इन दिनों आईपीएल 2024 में व्यस्त हैं। हार्दिक जहां मुंबई इंडियंस की कमान संभाल रहे हैं, वहीं क्रुणाल लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहे हैं।

# खुद कार ड्राइव कर रोहित को वानखेड़े लेकर गए आकाश अंबानी



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के सह-मालिका आकाश अंबानी टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ नजर आए। आकाश खुद कार ड्राइव कर रोहित को वानखेड़े स्टेडियम लेकर गए जहां मुंबई इंडियंस का सामना गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के साथ होना है। आकाश अंबानी का कार चलाकर रोहित को साथ बैठा कर ले जाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि आकाश कार की स्टेयरिंग संभाले हुए हैं, जबकि रोहित उनके बगल वाली सीट पर बैठे हुए हैं। रोहित से छीनी गई थी कप्तानी मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी में पिछले कुछ समय से सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। दरअसल, मुंबई ने आईपीएल 2024 सीजन के लिए पिछले साल हुई खिलाड़ियों की नीलामी से पहले हार्दिक पांड्या को दोबारा टीम के साथ जोड़ा था। हार्दिक लंबे समय तक मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे थे और उन्होंने यहीं से अपने करियर की शुरूआत की थी। हालांकि 2022 सीजन के लिए हुई बड़ी नीलामी से पहले मुंबई ने हार्दिक को रिलीज कर दिया था और गुजरात टाइटंस ने उन्हें अपनी टीम के साथ जोड़ा और कप्तान बनाया था। हार्दिक का गुजरात के साथ दो साल का सफर काफी अच्छा रहा था। हार्दिक ने 2022 में अपनी कप्तानी में टीम को विजेता बनाया था, जबकि पिछले साल टीम उपविजेता रही थी। यही कारण था कि मुंबई ने एक बार फिर हार्दिक पर दिलचस्पी दिखाई और उन्हें गुजरात के साथ ट्रेड किया। मामला यहां तक तो ठीक था, पर मुंबई ने नीलामी के बाद रोहित की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया जिस पर विवाद बढ़ता ही चला गया। रोहित के फैंस हार्दिक को कमान सौंपे जाने से नाराज थे। ऐसी खबरें आई थी कि रोहित और हार्दिक के बीच भी सब ठीक नहीं चल रहा है और रोहित हार्दिक की कप्तानी से नाराज हैं और टीम का साथ छोड़ सकते हैं। क्या यह रोहित को मनाने की कोशिश है? आकाश अंबानी और रोहित जिस तरह एक साथ कार में नजर आए उससे यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या मुंबई टीम प्रबंधन नाराज बताए जा रहे रोहित को मनाने की कोशिश कर रहा है? इस बात पर भी चर्चा का बाजार गर्म है कि भविष्य में टीम में रोहित की भूमिका क्या होगी? इन चचाओं के बीच आकाश और रोहित के बीच पहले भी जुगलबंदी देखने मिली है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले के बाद आकाश और रोहित बातचीत करते दिखे थे। मालूम हो कि हैदराबाद ने मुंबई के खिलाफ उस मुकाबले में 277 रन बनाए थे जो आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। मुंबई को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा था। आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं रोहित रोहित आईपीएल के मौजूदा सीजन में आक्रामक होकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# गंभीर से गले मिलने पर कोहली ने तोड़ी चुप्पी, नवीन से सुलह पर भी किया खुलासा



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली का विवादों से पुराना नाता रहा है। अक्सर उनकी अन्य खिलाड़ियों से कहासुनी होती रहती है। पिछले साल आईपीएल मैच के दौरान किंग कोहली और नवीन-उल-हक के बीच जमकर बहस हुई थी। यह विवाद इतना बढ़ गया था कि तत्कालीन कोच गौतम गंभीर भी इसमें कूद पड़े थे और दोनों के बीच तनातनी हो गई थी। हालांकि, आईपीएल के 17वें सीजन में तीनों के बीच विवाद खत्म हो गया। विराट ने नवीन को गले लगाकर उनकी तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया जबकि कोलकाता बनाम आरसीबी मैच में गौतम गंभीर ने स्टार बल्लेबाज को गले लगाया। इस पर अब आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज ने चुप्पी तोड़ी है। विराट ने खोला बड़ा राज कोहली ने एक कार्यक्रम के दौरान गौतम गंभीर और नवीन-उल-हक के साथ विवाद खत्म करने को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि दोनों के साथ दोस्ती के बाद फैंस का 'मसाला' खत्म हो गया। उन्होंने कहा, ₹लोग मेरे बर्ताव से निराश होने लगे हैं। मैंने नवीन के साथ झप्पी डाल ली (गले लगाया), उस दिन गौतम गंभीर भाई ने भी मुझे गले लगाया। इसलिए तुम्हारा मसाला खत्म हो गया है।

### नवीन का बयान

आईपीएल 2023 में विराट कोहली संग विवाद के बाद नवीन फैंस के निशाने पर रहे थे। हालांकि, वनडे विश्व कप के दौरान दोनों के बीच की गहमा-गहमी खत्म हो गई। इसको लेकर नवीन ने कहा, ₹उन्होंने मेरे साथ अनबन को खत्म करने का आग्रह किया। मैंने भी कहा कि चलिए इस विवाद को खत्म करते हैं। हमने ठहाके लगाए, गले लगाया और आगे बढ़ गए। उन्होंने यह भी कहा कि अब के बाद आपको मेरा नाम सुनाई नहीं देगा बल्कि दर्शकों के चिल्लाने की आवाज सुनाई देगी।

### कौन हैं टीम इंडिया की 'सीता-गीता'

विराट कोहली ने कार्यक्रम के दौरान टीम इंडिया की 'सीता-गीता' को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने उन दो खिलाड़ियों के नाम का खुलासा किया जो एक-दूसरे के बिना पल भी नहीं रह सकते। 35 वर्षीय बल्लेबाज ने शुभमन गिल और ईशान किशन को भारतीय टीम की 'सीता-गीता' का टैग दिया। उन्होंने कहा, बहुत मजेदार हैं, सीता और गीता (इशान और शुभमन)। मुझे भी नहीं पता कि क्या हो रहा है। ज्यादा कुछ नहीं कह सकता लेकिन ये लोग टूर के दौरान अकेले नहीं रह सकते। अगर हम खाने के लिए बाहर निकलते हैं, तो वे एक साथ आएंगे, चर्चा के दौरान भी वे हमेशा साथ रहते हैं, मैंने उन्हें कभी अकेले नहीं देखा।'' विराट इन दिनों आईपीएल 2024 में खेलते नजर आ रहे हैं। वह 316 रनों के साथ ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पर काबिज हैं।

# दोनों मानसिक तौर पर मजबूत हैं टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच ने विराट-शमी पर की चर्चा



**नई दिल्ली।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि विराट कोहली और मोहम्मद शमी की शख्सियत भले ही अलग-अलग हो, लेकिन दोनों के पास जबरदस्त मानसिक ताकत है, जिससे टीम इंडिया को सफलता मिली है। कोहली (95.62 की औसत से 765 रन) और शमी (10.70 की औसत से 24 विकेट) ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दोनों खिलाड़ी क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में पहले स्थान पर थे। म्हाम्ब्रे ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, दोनों पूरी तरह से अलग व्यक्तित्व हैं, लेकिन मानसिक ताकत के मामले में, दोनों एक जैसे है। विराट के चेहरे पर हर समय आक्रामकता का भाव झलकता है। शमी इसके विपरीत है। आपने बहुत से गेंदबाजों को विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए देखा होगा, लेकिन शमी ज्यादा जोश में जश्न नहीं मनाते है। म्हाम्ब्रे ने शमी के विषय में बात करते हुए कहा, शमी शांतचित्त रहते है, लेकिन वह अपने खेल के हर पहलू को समझते हैं। वह जानते हैं कि उनसे क्या अपेक्षा की जाती है। मैंने हाल के दिनों में शमी के साथ बहुत काम किया है। वह प्रशिक्षण के मामले में पूरी तरह से अलग हैं और वह उस तरह से ही काम करते है जो उनके लिए उपयुक्त हो। वह अपने शरीर को अच्छे से जानते है। महाम्ब्रे ने कोहली के बारे में बात करते हुए आगे कहा, विराट लक्ष्य का पीछा करने में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। छोटे प्रारूपों में लक्ष्य का पीछा करना हमेशा मुश्किल होता था, लेकिन अगर आप हाल के दिनों के रिकॉर्ड को देखें, तो इसमें काफी सुधार हुआ है। वह प्रमुख कारण है कि भारत ने विशाल लक्ष्य का पीछा किया है।

# प्लॉट में अज्ञात शव मिलने से मचा हड़कंप



**हापुड़।** कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के डूहरी पेट्रोल पंप के पास खाली पड़े प्लाट में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गुरूवार को डूहरी पेट्रोल पंप के पास से कुछ लोग निकल रहे थे। खाली पड़े प्लाट में लोगों ने शव पड़ा देखा। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आस पड़ोस में मृतक की शिनाख्त करने का काफी प्रयास किया, लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच में जुट गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त करने का काफी प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# स्कूली बसों की गति पर कोई अंकुश नहीं, मासूमों की जान से हो रहा है खिलवाड़

## मियाद पूरी कर चुकी बसों को नहीं हटाया जा रहा

**नोएडा (करंट क्राइम)।** स्कूली बसों में नौनिहाल जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। वहीं, 125 बसें जहां बिना पररमिट के फरार्टा भर रही हैं। वहीं 275 अपनी मियाद पूरी कर चुकी हैं। इन वाहनों से किसी भी वक्त हादसा हो सकता है। तेज गति से चलने वाली इन बसों से आए दिन हो रहे हादसों के बावजूद प्रशासन बस संचालकों के पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। हालांकि विभाग की ओर से इन बसों को काली सूची में डाल दिया गया है।

बावजूद इसके खटारा बसों का संचालन जारी है। परिवहन विभाग की ओर से दावे किए गए कि शीतकालीन अवकाश के बाद इन बसों के संचालन पर रोक लगा दी जाएगी। लेकिन उसके




बाद भी इनका संचालन अब तक किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को हरियाणा में हुए स्कूल बस हादसे में बच्चों की मौत की खबर के बाद जिले में अभिभावकों में खासा डर है।

उनका कहना है कि परिवहन विभाग को ऐसे स्कूली वाहन पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है। बीते वर्ष स्कूल बसों से हुए हादसों के बाद परिवहन विभाग ने 1619 स्कूली वाहनों की जांच की थी, जिसमें से 142 अनफिट पाई गईं। बस संचालकों को नए सत्र तक वाहनों की फिटनेस कराने के निर्देश दिए गए थे। वहीं, यह भी कहा गया था कि इन वाहनों का संचालन सड़कों पर नहीं किया जाए। इन सभी वाहनों को ब्लैकलिस्ट भी किया गया था। अवकाश की शुरूआत में ही अंतिम चेतावनी जारी की गई लेकिन फिर भी संचालकों ने फिटनेस टेस्ट नहीं कराया। वहीं, नया सत्र शुरू हुए 10 दिन बीत चुके हैं, इसके बाद भी इन बसों का संचालन किया जा रहा है। आरटीओ सियाराम वर्मा ने बताया कि बच्चों की जिंदगी से कोई समझौता न हो, इसे सुनिश्चित करते हुए इसमें प्रवर्तन की पांच टीमें लगाई जाएंगी।

इन बसों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। फिर भी अगर इनके संचालक इन वाहनों का संचालन करते हैं तो उनपर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। इसके अलावा बिना परमिट के जो भी वाहन संचालित किए जा रहे हैं, उन्हें भी किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।




### उनकी कर्मठता देखकर मत होना हैरान वो लगा लेते हैं चुनाव में दुकान

चुनाव के खिलाड़ी केवल मैदान में ही नही हैं, चुनाव के खिलाड़ी तो दुकान भी चला रहे हैं। जो तीन साल में तीन बार पार्टी के कार्यक्रम में नही दिखे वो अब दिन रात चुनाव में दिख रहे हैं। हर कोई उनकी कर्मठता देखकर हैरान हैं लेकिन जो उन्हे नजदीक से जानते हैं वो उनकी नस नस पहचानते हैं। जुबान खोलने से पहले वो ऑफ द रिकार्ड की शर्त पर आये और कहा कि तीन साल का रिकार्ड निकलवा लो और पता कर लो कि उम्मीदवार से लेकर पार्टी के द्वार पर वो कितनी बार आये हैं। फिर उन्होने बताया कि उनके जिम्मे कौन कौन से काम आये हैं। सगंठन वाले कमांडर ने उन्हे कोई काम नही बताये हैं और काम तो लोकसभा वाले शर्मा जी ने भी नही बताये हैं। जिन कामों का उन्होने गरदा काट रखा है उन सभी कामों को उन्हे परदे के पीछे से किसी बड़े चेहरे ने बांट रखा है। उनकी कर्मठता देखकर ज्यादा हैरान मत होना वो हर चुनाव में दुकान लगा लेते हैं और उनके पास हुनर ऐसा है कि वो चुनावी दुकान को चला भी लेते हैं।

### ये कहकर क्यों बढ़ गई उनकी हार्टबीट कहीं हो ना जाये नोएडा रिपीट

फूल वालों से इंतकाम लेने के लिये बदले की आग में जल रहे ठाकुर साहब मैदान में हैं। यहां तो बैकअप में पूरा परिवार ही आ गया और साहेब बाद में पहले पर्चा भरा गया। एक्टिविटी का सेंटर राणा जी की धरा पर धरा गया। कहने वाले ने बात शुरू की हिस्ट्री रिपीट इटसेल्फ के साथ और मिस्ट्री जोड़ी नोएडा वाली कहानी के साथ। कहा कि एक मात्रा की तो फर्क हैं थ और थी का। वो भी टिकट कटने से नाराज होकर अपना जिला छोड़कर दूसरे जिले में चले गये थे। वो भी ठाकुर ये भी ठाकुर और उन्होने जो किया वो मिसाल बन गया। अब एक फैमिली के तीन का सीन सबकी समझ से बाहर हैं और कहने वाले ने कहा कि मेरी तो ये सोच कर ही हार्ट बीट बढ़ जाती हैं कि कही ऐसा ना हो कि नोएडा रिपीट हो जाये यहां पर भी।

### ठाकुर यही बताना है पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसे ही चुनाव लड़वाना है

लोकसभा वाले भी वैसे तो दस साल तक विकास का तराना ही गाते रहे लेकिन अपने ही चुनावी रण में वो अपनी बिरादरी के राजपूतों के गढ़ में हार गये। कहने वाले कह रहे हैं कि उन्हें टिकट मिलता तो देशभक्ति और नही मिला तो ठाकुरों का अपमान हो गया। अब ऐलान हो गया कि बहिष्कार करेगें। सुना है कि काफी ठाकुर सरकार को हराने पर आ गये हैं और धर्म सकंट ये कि ना तो मोदी जी का विरोध कर सकते और ना ही भाजपा की खुलकर बुराई कर पा रहे हैं। दबे दबे से सुर में विरोध कर रहे ठाकुर को भाजपा वाले ने ही फोन मिलाया। उसे समझाया कि तुम क्षत्रिय हो तुम्हारा धर्म राजा के आदेश पर युद्ध करना हैं ना कि दुश्मन में खूबिया और राजा में कमी तलाश करना हैं। सार में बताया कि ठाकुर तुम्हे यही बताना है कि तुम्हारा काम ये है कि जिसे भी पार्टी टिकट देगी उसे ही चुनाव लड़वाना है

# गाजियाबाद रीजन में चुनाव के लिए परिवहन निगम की 200 बसें आरक्षित रहेंगी

- पुलिस आयुक्त ने पुलिस बल के लिए परिवहन निगम से मांगी थी बसें।
- अब तक निगम ने 27 बसें पुलिस को उपलब्ध कराईं।



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस आयुक्त ने पुलिस बल को मतदान केंद्रों तक भेजने के लिए परिवहन निगम से बसों की मांग की है। अब तक परिवहन निगम करीब 27 बसें दे चुका है। प्रत्येक चरण में करीब 150 से 200 बसें चुनाव में आरक्षित रहेंगी। इससे रोजाना हजारों यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। गाजियाबाद रीजन के सभी आठ डिपो कौशांबी, साहिबाबाद, लोनी, गाजियाबाद, खुर्जा, बुलंदशहर, हापुड़ व सिकंद्राबाद में परिवहन निगम की 722 रोडवेज बसें हैं। इसके अलावा 209 बसें अनुबंधित हैं। चुनाव में केवल निगम की बसों को लगाया जा रहा है। इसके लिए रीजन के प्रत्येक डिपो से बसों को लिया जाएगा।

संचालन का समय कर दिया जाएगा दोगुना बसों के चुनाव में लगने से कई शहरों का संचालन प्रभावित हो जाएगा। जिस मार्ग पर हर 30 मिनट या एक घंटे में बस चलती है। उसका संचालन का समय दोगुना कर दिया जाएगा। इससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। जिस मार्ग पर जितनी बसें कम होंगी उतना ही अधिक समय इंतजार करना पड़ेगा। अभी गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ, एटा, गौंडा समेत ज्यादातर लंबे मार्गों पर हर एक से दो घंटे पर बस का संचालन किया जा रहा है। चुनाव में बसें आरक्षित होने से दो से चार घंटे हो जाएगा। भीषण गर्मी में यात्रियों के पसीने छूट जाएंगे। हर बार चुनावों में झेलनी पड़ती है परेशानी हर बार विधानसभा व लोकसभा चुनावों के लिए परिवहन निगम की रोडवेज बसों को आरक्षित कर लिया जाता है। इससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। ये परेशानी सभी चरणों में चुनाव होने तक ही जारी रहती है। क्योंकि बसों को किसी भी शहर में भेज दिया जाता है।

# दबंग ने घर में घुसकर किया महिला से दुष्कर्म का प्रयास, विरोध पर पीटा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंग ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध पर उन्हें बुरी तरह पीटा। जान से मारने की नीयत से गला भी दबा दिया। चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपित भाग निकला। वारदात के बाद से ही महिला दहशत में है। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

एक गांव के रहने वाले व्यक्ति किसान हैं। उनकी पत्नी गृहिणी हैं। व्यक्ति बुधवार को खेत पर गए थे। इस बीच महिला घर पर अकेली थी। उनकी तबीयत भी इन दिनों सही नहीं चल रही है। इसलिए दोपहर को वे कमरे



में आराम कर रही थी। दीवार फांदकर उनके घर में कूद गया आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी आरोपित पीछे की दीवार फांदकर उनके घर में कूद गया।

महिला के कमरे में जाकर उनसे दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने महिला को लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। उनका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। हिम्मत दिखाते हुए महिला ने आरोपित को धक्का देकर शोर मचा दिया।

### शोर सुनकर आरोपित फरार

शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आने लगे तो आरोपित फरार हो गया। डायल 112 की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित की तलाश की लेकिन पता नहीं चला। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि आरोपित मोनू के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जल्द उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**बैठक सम्पन्न**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नवयुग मार्केट स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय पर आगामी चुनाव की बेहतर तरीके से सम्पन्न कराने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की, इस अवसर पर महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, भाजपा नेता राजू पांचाल तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




## क्या अभी थानेदारों को भी लगेगा झटका




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों के दौरान ही आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर लाइन हाजिर वाली कार्रवाई हुई है। कमिश्नरेट में पहले भी कारण कोई नहीं बताता था और ना चुनावी सीजन में, वैसे भी यहां कारण पूछने के लिए सिस्टम भी हैक चल रहा है। कार्रवाई की वजह आदेशों में साफ नहीं है लेकिन बताया जा रहा है मामला टाइट था। इसीलिए उनको पीएम के रोड शो के बाद राइट करते हुए लाइन वाले इलाके में भेज दिया गया। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके के हाल और हालत चल रहे हैं आने वाले दिनों में सिटी से लेकर नदियापार और नदियापार से लेकर देहात व लाइनपार में थानेदारों की भी सूचना आ सकती है, कि उनको झटका लग गया है। सुनने में आ रहा है कि देहात वाले जिस इलाके में डकैती वाला कांड हुआ है वहां भी मामला टाइट है। इसी के साथ नदियापार के एक थानेदार को भी क्राइम कंट्रोल ना कर पाने के मामले में झटका दिया जा सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि भले सीजन चुनावी आचार संहिता वाला हो लेकिन कार्रवाई का करंट लगातार लग रहा है। इन सबके बीच कमिश्नरेट वाले सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि एसीपी साहब लोग रोजाना अपने थाना प्रभारी को राइट और टाइट कर रहे हैं कि अभियानों से लेकर चुनावी तैयारी और कार्रवाई में लापरवाही ना करें वरना वह कुछ कर नहीं पाएंगे। इसी के साथ सूत्रों ने यह भी जानकारी दी है कि शाम वाली मीटिंग जो लगातार जारी है, वहां पर भी कुछ ऐसी बातें निकाल कर आई हैं, जिससे पुलिस कमिश्नरेट के दो थ्री-स्टार और एक टू-स्टार को कभी भी झटका दिया जा सकता है। सूत्रों पर भरोसा करें तो अभी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई बड़े चुनावी कार्यक्रम और सभाएं होनी हैं। इसी के साथ लगातार दिल्ली वाले और प्रदेश वाले प्रमुख नेता हिंडन वाले हवाई अड्डे पर उतर रहे हैं। उनकी फ्लीट और सुरक्षा कमान भी गाजियाबाद वाली ही पुलिस पूरे सवैग के साथ संभाल रहीं हैं। ऐसे में कहीं पर चूक और लापरवाही कार्रवाई वाला संदेश भी दे सकती है। पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट के तीन थानों के लिए अगर चुनावी सीजन के दौरान ही कोई आदेश वाला फरमान आ जाए तो हैरान होने की बात नहीं होगी। वैसे कहा जा रहा है थानेदारों के लिए खबर मिलेगी।

# धोनी का पूर्व बिजनेस पार्टनर दिवाकर हुआ अरेस्ट

**नोएडा।** क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर को जयपुर पुलिस ने बुधवार देर रात नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। मिहिर के खिलाफ धोनी ने 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोपी पर जयपुर में धोनी के नाम पर क्रिकेट एकेडमी खोलने का आरोप है। वहीं, नोएडा के एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र का कहना है कि मामले में जयपुर पुलिस ने कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

धोनी ने पूर्व क्रिकेटर मिहिर पर आरोप लगाया था कि जयपुर में उनके नाम से क्रिकेट एकेडमी खोलने के लिए डील की गई थी, लेकिन दोनों में



समझौता खत्म हो गया था। इसके बाद धोनी ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जयपुर में मुकदमा दर्ज कराया था। जयपुर पुलिस रात को लोकेशन के आधार पर नोएडा पहुंची और सेक्टर-16 स्थित डब्ल्यूटीटी बिल्डिंग से मिहिर को गिरफ्तार कर लिया। मिहिर व धोनी बचपन के दोस्त हैं।

# कान में लगी थी ईयरबड, ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कान में ईयरबड लगाकर रेलवे ट्रैक से गुजर रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा मोदीनगर में अंबर सिनेमा के सामने रेलवे ट्रैक पर बृहस्पतिवार शाम हुआ। युवक पार्क में दौड़ के लिए जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा।

युवक के मौत की सूचना के बाद से ही परिवार में कोहराम मचा है। स्वजन का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाली क्षेत्र के मोहन पार्क कॉलोनी के राजीव राठी व्यवसायी हैं। घर में पत्नी व बेटे निखिल उर्फ चीकू (21) के साथ रहते हैं। निखिल एकलौता बेटा था। वह सेना भर्ती की तैयारी के लिए रोजाना शाम के समय हापुड़ रोड स्थित गांधी मैदान में दौड़ लगाने जाता था। बृहस्पतिवार शाम को भी गांधी मैदान में ही जा रहा था। अंबर के सामने रास्ते से रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और गांधी मैदान की तरफ चलने लगा।

**मेरठ की तरफ से आ रही ट्रेन :** कान में ईयरबड लगा रखे थे। इसी बीच मेरठ की तरफ से ट्रेन आ रही थी। कान में ईयरबड



के चलते उन्होंने ट्रेन के हार्न की आवाज नहीं सुनी और ट्रेन की चपेट में आ गए। मौके पर मौत हो गई। आसपास से गुजर रहे लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव की शिनाख्त कर स्वजन को सूचना दी। कुछ ही देर में माता-पिता मौके पर पहुंचे। बेटे के शव को देख दोनों फूट-फूटकर रोने लगे।

आसपास के लोगों ने उनका ढांढस बांधा। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि प्राथमिक जांच में कान में ईयरबड के चलते हादसे की बात सामने आ रही है। शव पोस्टमार्टम को भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लोगों को जागरूक करने को प्रशासन की पहल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज सदरपुर क्षेत्र में अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशासन की टीम पहुंची जहां उन्होंने आम पब्लिक से बात कर उनकी समस्याओं को जाना। बता दें कि डीएसपी नरेंद्र सीबीआई, राजकुमार चौधरी, रोताश चौधरी, राकेश चौधरी, रौनक चौधरी, सोनू चौधरी, लीलू चौधरी की टीम ने महिलाओं, बच्चों और युवाओं से बात की, साथ ही उन्हें सामाजिक परिवेश में रहते हुए किस प्रकार अपनी बातों को सही स्तर पर रखकर त्वरित समस्याओं से निदान हेतु प्रेरित किया। लोगों ने भी बढ़-चढ़ कर उनके समक्ष अपनी बात रखी साथ ही उन्होंने युवाओं को मताधिकार के प्रति भी प्रेरित किया।

## ग्रेनो की इको विलेज सोसाइटी में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की इको विलेज-दो सोसाइटी के टावर बी-दो के एक फ्लैट की बालकनी में बृहस्पतिवार को आग लग गई। इससे एसी और अन्य सामान जल गया। मेंटेनेंस टीम ने निवासियों की मदद से आग पर काबू पाया। बालकनी में सिगरेट फेंकने या एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

पीड़ित परिवार के साथ सातवें फ्लोर पर रहते हैं। बृहस्पतिवार को वह किसी काम से मेरठ गए थे। फ्लैट पर कोई नहीं था। दोपहर करीब 12 बजे फ्लैट की बालकनी में धुआं उठने लगा। लोगों ने इसकी सूचना मेंटेनेंस टीम को दी।

टीम के सदस्य और निवासी मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। बालकनी से आग कई मंजिल ऊपर तक पहुंची। इससे अन्य निवासियों को परेशानी हुई। मेंटेनेंस टीम ने फायर सिस्टम और पानी की मदद से आग पर काबू पाया। निवासियों ने बताया कि आग फ्लैट के अंदर नहीं पहुंची।

## समाजसेवी कमल अरोड़ा ने की मतदान की अपील



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी कमल अरोड़ा ने शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि हम तब तक अच्छी व्यवस्था खड़ी नहीं कर पाएंगे जब तक हम वोट का महत्त्व और अपने मतदाता होने के फर्ज को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा नहीं देते हैं।

चुनाव प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण समझकर चुनाव के दिन घर में ही रहने का प्रयास न करें, अपितु परिवार के साथ घर से बाहर निकलकर वोट जरूर डालें। उन्होंने गाजियाबाद के नागरिकों से अपील की है कि 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

## लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर पहुंचे डासना, डॉ. सौलत पाशा ने किया स्वागत

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** ईद के पावन पर्व पर जहां नमाज के दौरान ईदगाह में भारी भीड़ देखने को मिली तो वहीं ईद की खुशी में हिन्दू - मुस्लिम एकता देखने को मिली। इसके अलावा लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपनी टीम के साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुंवर डॉ. सौलत पाशा के डासना स्थित राजाजी नर्सिंग होम कार्यालय पर पहुंचे जहां शॉल



ओढ़ाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसी दौरान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ईद का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया, मांगी अमन चैन की दुआ

**मुरादनगर, करट क्राइम।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान गले लगकर एक दूसरे को बधाई दी गई। ईद उल फितर की नमाज ईदगाह और शहर की मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने अदा की। नमाज के दौरान पुलिस, प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये थे। ईद की नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने सुरक्षा की कमान संभाल रखी थी। एक माह तक रमजान



के बाद रोजेदारों को ईद उल फितर त्यौहार का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार था। ईद उल फितर की पूर्व संध्या पर बाजारों में खूब खरीदारी हुई और देर रात तक बाजार खुले रहे। गुरुवार को शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद तनवीर ने ईदगाह मस्जिद के मैदान में नमाजियों को नमाज अदा कराते हुए उन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा देशवासियों की सलामती, अमन, चैन की दुआ और लाइलाज बीमारियों से बचाने के लिए परवरदिगार से दुआ मांगी। मुरादनगर थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी ने सुरक्षा की कमान संभाले रखी। ईद की नमाज को देखते हुए पुलिस, प्रशासन पूरी तरह सतर्क था। ईद की नमाज के बाद विभिन्न जगह ईद मिलन कार्यक्रम के आयोजन हुए।

# संसदीय चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार, पीएम हान डक सू ने की इस्तीफे की पेशकश

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के संसदीय चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हुआ। नतीजों के शुरूआती रुझानों में राष्ट्रपति यून सुक की पार्टी पिछड़ती नजर आ रही है, वहीं विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिल सकता है। दक्षिण कोरियाई मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, शुरूआती रुझानों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी 161 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं सत्ताधारी पार्टी पीपल्स पावर पार्टी 90 सीटों पर आगे है। चुनाव के अंतिम नतीजें गुरुवार शाम तक जारी हो सकते हैं। दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक सू समेत राष्ट्रपति के कई शीर्ष अधिकारियों ने राष्ट्रपति यून सुक योल से मिलकर अपने इस्तीफे की पेशकश की है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि राष्ट्रपति ने इस्तीफे स्वीकार किए हैं या नहीं। दरअसल सत्ताधारी पार्टी पीपल्स पावर पार्टी को संसदीय





चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। हान डक सू ने हार की जिम्मेदारी ली है और नैतिकता के नाते अपने इस्तीफे की पेशकश की है।

**विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत के संकेत**

दक्षिण कोरिया के नेशनल इलेक्शन कमीशन एंड नेटवर्क ब्रॉडकास्टर्स के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब छह बजे तक 99 फीसदी वोटों की गिनती हो चुकी है, जिनके अनुसार डेमोक्रेटिक पार्टी को 300 में से 170 सीटों पर जीत मिल सकती है। वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी की सहयोगी पार्टी लिबरल पार्टी को कम से कम 10 सीटों पर जीत मिल सकती है। इस पर डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जी म्युंग ने कहा कि 'जब मतदाता मुझे चुनते हैं तो उनका यह फैसला यून सुन योल सरकार के खिलाफ है और वे डेमोक्रेटिक पार्टी को यह जिम्मेदारी दे रहे हैं कि हम लोगों की आजीविका और समाज को बेहतर बनाने के लिए काम करें।'

**राष्ट्रपति यून को बड़ा झटका**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विभिन्न सर्वे में भी डेमोक्रेटिक पार्टी की 196 सीटों पर जीत दर्ज करने का दावा किया गया था। वहीं पीपल्स पावर पार्टी को 105 सीटें मिलने की बात कही गई थी। चुनाव नतीजों में भी पीपल्स पावर पार्टी को 100 के करीब सीटें मिलने की उम्मीद है। इसका मतलब ये होगा कि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के पास संसद में बहुमत होगा और ऐसे में विपक्षी पार्टी के पास राष्ट्रपति के वीटो को पलटने और संविधान संशोधन की शक्ति होगी। राष्ट्रपति यून ने करीब दो साल पहले राष्ट्रपति पद संभाला था और अभी उनका तीन और वर्षों का कार्यकाल बचा है। ऐसे में संसदीय चुनाव के नतीजों से स्पष्ट है कि राष्ट्रपति यून सुक योल को अपना पूरा कार्यकाल संसद में विपक्ष के दबदबे के बीच गुजरना पड़ेगा। राष्ट्रपति यून ने राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के ली जी म्युंग को करीबी मुकाबले में हराया था।

**दक्षिण कोरिया में 254 सीटों के लिए हुआ था मतदान**

दक्षिण कोरिया में संसद की 300 सीटें हैं, जिनमें से 254 सीटों पर सीधे चुनाव होता है, वहीं 46 अन्य सीटें पार्टी समर्थन के अनुसार आवंटित की जाती हैं। दक्षिण कोरिया के चुनाव आयोग के अनुसार, संसदीय चुनाव में करीब 67 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह दक्षिण कोरिया के संसदीय चुनाव में सबसे ज्यादा वोटिंग प्रतिशत है।

# 'पाकिस्तान में जो हालात हैं, उनसे एक बार फिर देश टूट सकता है', इमरान खान ने दी चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने चेतावनी दी है कि देश में जो मौजूदा हालात हैं, उनसे एक बार फिर ढाका जैसी त्रासदी हो सकती है। इमरान खान ने साल 1971 के हालात की मौजूदा हालात से तुलना की और कहा कि देश आर्थिक तौर पर तबाही के कगार पर पहुंच सकता है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के चीफ इमरान खान ने रावलपिंडी की अडियाला जेल से देशवासियों और पार्टी समर्थकों के लिए संदेश जारी किया।

**इमरान बोले- लंदन प्लान से थोपी गई सरकार**

अपने संदेश में इमरान खान ने कहा कि कोई भी देश या संस्थान बिना आर्थिक स्थिरता के नहीं चल सकता। पीटीआई के मुख्य सूचना सचिव रऊफ हसन ने मीडिया से बात करते हुए इमरान खान के संदेश की जानकारी दी। वहीं पार्टी के नेता बैरिस्टर राजा ने बताया कि इमरान खान अभी भी देश के लिए समर्पित हैं, लेकिन देशवासियों के लिए



चिंतित भी हैं। राजा ने बताया कि इमरान खान ने कहा कि जब लोगों को अधिकार दिए जाएंगे, तभी अर्थव्यवस्था विकास करेगी। इमरान का संदेश देते हुए बैरिस्टर राजा ने कहा कि '1970 में तत्कालीन सेना प्रमुख याहया खान चाहते थे कि किसी भी पार्टी को बहुमत न मिले, लेकिन जब शेख मुजीबुर रहमान की पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला तो सेना ने बहुमत छीन लिया क्योंकि याहया खान को राष्ट्रपति बनना था।' हमुदूर रहमान आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए इमरान खान ने कहा कि 'हम फिर से वही गलती कर रहे हैं। 1970 में भी लंदन प्लान था और अब एक बार फिर लंदन प्लान के तहत सरकार थोप दी गई है।' इमरान खान और उनकी पार्टी लगातार दावा कर रही है कि 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली हुई और जनादेश की चोरी की गई। पीटीआई ने इसके आरोप पाकिस्तानी सेना पर लगाए हैं। हालांकि इसके बावजूद पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की।

## न्यूज डायरी

### इस्राइली हवाई हमले में हमास नेता इस्माइल हानियेह के तीन बेटे-पोते मारे गए



**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में बीते छह महीने से अधिक समय से जारी हिंसक संघर्ष के बीच इस्राइली सेना को बड़ी कामयाबी मिली है। गाजा में हवाई हमले के दौरान इस्राइली सेना ने हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानियेह के तीन बेटों और पोतों को मार गिराया। इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी बयान में कहा कि वायुसेना के विमानों ने मध्य गाजा में हमास सैन्य विंग के एक सेल कमांडर अमीर हनियेह और हमास के दोनों सैन्य ऑपरेटिव मोहम्मद और हजेम हानियेह पर हमला किया। आईडीएफ के मुताबिक हमास के तीनों ऑपरेटिव हमास के 'पोलिटिकल ब्यूरो' चीफ इस्माइल हानियेह के बेटे हैं, इस बात की पुष्टि हो चुकी है।

### युद्ध के कारण इस्राइली निर्माण क्षेत्र में श्रमिकों की कमी, भारत से 6000 श्रमिक जाएंगे इस्राइल



**तेल अवीव।** इस्राइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। ऐसे में इस्राइल के निर्माण क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो गई है, जिस वजह से अप्रैल और मई में भारत से छह हजार मजदूर इस्राइल जाएंगे। इस्राइल सरकार ने बुधवार देर रात बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), वित्त मंत्रालय और निर्माण और आवास मंत्रालय द्वारा चार्टर उड़ानों पर सब्सिडी देने के संयुक्त निर्णय के बाद श्रमिकों को एयर शटल से इस्राइल लाने के फैसले पर मुहर लगी है। फलस्तीन के 97,000 श्रमिक इस्राइल में करते थे काम गौरतलब है कि इस्राइली निर्माण उद्योग उन विशिष्ट क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार देता है, जहां इस्राइली श्रमिकों की कमी होती है। युद्ध से पहले इस्राइल में 80,000 श्रमिक वेस्ट बैंक से तो वहीं 17,000 श्रमिक गाजा पट्टी से आए थे लेकिन युद्ध शुरू होने के बाद से अधिकांश श्रमिकों का वर्क परमिट रद्द कर दिया गया है। बता दें, युद्ध के कारण देश में श्रमिकों की भारी कमी हो गई, जिस वजह से कई परियोजनाएं रुक गई। इस वजह से लोगों को जीवनयापन करने में भी दिक्कत होने लगी। अप्रैल मध्य तक 850 श्रमिक पहुंच जाएंगे इस्राइल बयान के अनुसार, जी2जी समझौते के तहत 6000 श्रमिकों को इस्राइल लाया जा रहा है। पिछले मंगलवार को भारत से 64 श्रमिक इस्राइल पहुंचे थे। उम्मीद है कि अप्रैल के मध्य तक कुल 850 श्रमिक इस्राइल पहुंच जाएंगे। सूत्रों का दावा है कि इस्राइल आने वाले अधिकांश चयनित श्रमिकों ने अपनी नौकरियों से इस्तीफा दे दिया है और इस्राइल आने के लिए वीजा का इंतजार कर रहे हैं। भारत और श्रीलंका के अलावा, करीब 7,000 श्रमिक चीन से तो वहीं 6,000 श्रमिक पूर्वी यूरोप से आ रहे हैं। भारतीय राजदूत संजीव सिंगला ने इस्राइली श्रम मंत्री से की मुलाकात इस्राइल में भारतीय राजदूत संजीव सिंगला ने बुधवार को देश के श्रम मंत्री, योव बेन-त्जूर से मिलकर द्विपक्षीय संबंधों को लेकर बातचीत की और भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा व भलाई का मुद्दा भी उठाया। बैठक के दौरान, उन्हें वहां भारतीय श्रमिकों के कल्याण के लिए इस्राइली मंत्रालय की प्रवर्तन गतिविधियों के बारे में जानकारी भी दी गई। इस्राइल में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, बैठक के दौरान सिंगला को इस्राइल में भारतीय श्रमिकों के अधिकारों व कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय की प्रवर्तन गतिविधियों जानकारी दी गई। पिछले हफ्ते भारतीयों का पहला जत्था जी2जी समझौते के तहत इस्राइल गया पहुंचा है। भारत ने इस्राइली अधिकारियों से उनकी सुरक्षा को गंभीरता से लेने का आग्रह किया है। साल की शुरूआत में, इस्राइल में 10,000 से अधिक भारतीय निर्माण श्रमिकों को भर्ती का अभियान हरियाणा के रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शुरू हुआ। इस समय करीब 18,000 भारतीय कामगार इस्राइल में हैं। इस्राइली पीएम ने पीएम मोदी से की थी बात इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पिछले साल दिसंबर में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर बात की थी। इस दौरान श्रमिकों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई थी। इस्राइल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत ने पिछले साल अप्रैल में भारत यात्रा के दौरान भारतीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी और श्रमिकों के मुद्दे पर चर्चा की थी।

### मानवीय सहायता के लिए नेतन्याहू के प्रयास नाकाफी'; बाइडन बोले- अमेरिका को वादे पूरे होने का इंतजार



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में युद्ध से निपटने के इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के रवैये को एक गलती करार देते हुए उनसे गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने को कहा। इस्राइल पर गत सात अक्तूबर को किए गए घातक आतंकी हमले के बाद से बाइडन हमास के खिलाफ इस्राइल द्वारा युद्ध छेड़ने के समर्थक रहे हैं। लेकिन हाल के सप्ताह में नेतन्याहू को लेकर उनका धैर्य टूटता दिखाई दिखा और अमेरिकी प्रशासन ने इस्राइल के प्रति कठोर रुख अपनाया है। सबसे गंभीर असहमति राफा में इस्राइल के हमले की योजना पर है।

बाइडन के रुख से दोनों सहयोगियों में बढ़ी दरार

बाइडन के इस रुख से इस्राइल पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ने के साथ ही एक-दूसरे के कट्टर समर्थक दोनों सहयोगियों के बीच दरार बढ़ गई है। युद्ध लंबा खिंचने के कारण हालात बदतर हो गए हैं। इस कारण दोनों देशों के बीच दशकों पुराने सहयोग को एक बड़ा झटका लगा है और युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस्राइल के अलग-थलग पड़ने का खतरा काफी अधिक बढ़ गया है। नेतन्याहू के प्रयासों से नाखुश हैं अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में मानवीय सहायता भेजने की अपील की थी। हालांकि, उन्होंने नेतन्याहू के प्रयासों को नाकाफी करार दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने एपी की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि बाइडन गाजा में सहायता पहुंचाने के इस्राइली प्रयासों को अभी भी पर्याप्त नहीं मानते। उन्होंने कहा है कि अमेरिका नेतन्याहू की तरफ से प्रतिबद्धताओं को पूरा किए जाने का इंतजार कर रहा है।

# एक और जंग की आहट, किम जोंग का सेना को युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी सेना को युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। उत्तर कोरिया के आसपास अस्थिर भू-राजनीतिक हालातों, विशेष रूप से दक्षिण कोरिया और अमेरिका के साथ तनाव को ध्यान में रखते हुए उन का कहना है कि अब जंग के लिए और अधिक तैयार रहने का समय है। दुश्मन डीपीआरके के साथ टकराएगा तो किम ने सैन्य विश्वविद्यालय किम जोंग इल यूनिवर्सिटी ऑफ मिलिट्री एंड पॉलिटिक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने युद्ध की तैयारियों को भी जांचा। विश्वविद्यालय और छात्रों से बात करते हुए उन ने कहा कि अगर दुश्मन डीपीआरके के साथ टकराएगा तो हम अपने सभी साधनों को जुटाकर बिना किसी



हिचकिचाहट के दुश्मन को मौत के घाट उतार देंगे। पहले से कई अधिक तैयार रहने का समय उत्तर कोरिया के तानाशाह ने निरीक्षण के दौरान डीपीआरके के आसपास कठिन अंतरराष्ट्रीय स्थिति, अनिश्चित एव अस्थिर सेना और राजनीतिक हालातों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहले से कई अधिक अब युद्ध के लिए बेहतर तरीके से तैयार रहने का समय है। हथियारों के बेड़े को मजबूत कर रहा उत्तर कोरिया लगातार अपने हथियारों के बेड़े को मजबूत करता जा रहा है। उसने कुछ महीनों पहले एक हाइपरसोनिक वारहेड ले जाने वाली मध्यम दूरी की ठोस ईंधन वाली बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) का सफल परीक्षण किया था। बताया जा रहा था इस मिसाइल को अमेरिका के दूरस्थ ठिकानों पर हमला करने के लिए तैयार किया गया है। वहीं इस महीने की शुरूआत में किम जोंग उन ने हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण प्रक्षेपण की निगरानी की, जिसमें ठोस ईंधन का इस्तेमाल किया गया था। विशेषज्ञों और विश्लेषकों के अनुसार, यह मिसाइल उत्तर कोरिया की मिसाइलों को तैनात करने की क्षमता को मजबूत करेगी। डीपीआरके और दक्षिण कोरिया के बीच तनाव नए साल की शुरूआत के बाद से डीपीआरके और दक्षिण कोरिया के बीच तनाव अधिक रहा है। दोनों देशों ने सीमा सुरक्षा बढ़ा दी है और हमले की तैयारी कर रहे हैं। उत्तर कोरिया ने दोनों सहयोगियों के संयुक्त अभ्यास के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका और कोरिया गणराज्य पर इन सैन्य तनावों को भड़काने का भी आरोप लगाया है।

# ईरान ने हमला किया तो उसे सीधे निशाना बनाएंगे, खामेनेई के बयान पर भड़के इस्राइली विदेश मंत्री

**तेल अवीव।** इस्राइली विदेश मंत्री इस्राइल काट्ज ने चेताया कि यदि ईरान ने अपनी जमीन से हम पर हमला किया तो उनके देश की सेना सीधे इस्लामिक गणराज्य को निशाना बनाएगी। इस्राइल का बयान ऐसे समय में आया, जब सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले में उसके जनरल की मौत के बाद दोनों पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों में तनाव बढ़ गया है। इस्राइली



विदेश मंत्री ने एक्स पर हिब्रू व फारसी भाषा की पोस्ट में कहा, अगर ईरान से उसके क्षेत्र पर हमले हुए तो इस्राइल माकूल जवाब देगा। यह टिप्पणी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने दोहराया कि इस माह के शुरू में दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर किए गए हमले का जवाब इस्राइल को तैयारी के साथ दिया जाएगा। ईरान ने दमिश्क हमले के लिए इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। हमले में वाणिज्य दूतावास की इमारत जमींदोज हो गई और 12 मौतें हुईं। इस्राइल ने हमले में अपनी संलिप्तता नहीं मानी है।

# विदेशी निवेश का एक मजबूत प्राप्तकर्ता भारत

## यूएन ने कहा- एमएनसी कंपनियों की दिलचस्पी से भारत को लाभ

**वाशिंगटन।** मेक इन इंडिया, उत्पाद आधारित प्रोत्साहन, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की आसान शर्तें और सिंगल विंडो शासन जैसी तमाम ऐसी सहूलियतें हैं, जिनकी वजह से बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत में दिलचस्पी बढ़ रही है। इन कंपनियों के निवेश से भारत को फायदा हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की रिपोर्ट, सतत विकास के लिए वित्त पोषण, 2024 रिपोर्ट के मुताबिक भारत विदेशी निवेश का एक मजबूत प्राप्तकर्ता बना हुआ है, क्योंकि बहुराष्ट्रीय कंपनियां वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत को वैकल्पिक विनिर्माण आधार के तौर पर स्वीकार रही हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी से भारत को फायदा हो रहा है, क्योंकि ये कंपनियां भारत को वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र के तौर पर उभरता हुआ देख रहे हैं। कर्ज के



बोझ के चलते संकट में हैं विकासशील देश रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर विकासशील देश चौंकाने वाले कर्ज के बोझ और आसमान छूती उधारी लागत के कारण स्थायी विकास संकट से जूझ रहे हैं। लेकिन, भारत की स्थिति ऐसी नहीं है। भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है, भारत तेजी से आर्थिक विकास कर रहा है, यहां घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए किफायती श्रम शक्ति मौजूद है। भारत को फिलहाल विकासशील देशों के सामने आने वाली उन चुनौतियों से नहीं जूझना पड़ रहा है, जिनसे यह एक दशक पहले जूझ रहा था। इस तरह से भारत ने विकासशील देश बने रहने के एक दुष्चक्र को तोड़कर अपना दायरा काफी बढ़ाया है। जबकि, दूसरे विकासशील देश कर्ज और महंगाई जैसे संकटों की वजह से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। 2030 के विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त वित्तपोषण जरूरी संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव अमीना जे मोहम्मद ने मंगलवार को रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि सतत विकास लक्ष्यों के लिहाज से दुनिया एक चौराहे पर है और समय खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा-अब नेताओं को बयानबाजी से आगे बढ़कर अपने वादों को पूरा करना चाहिए। पर्याप्त वित्तपोषण के बिना 2030 तक संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सकता। अमीना ने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बनाए गए वैश्विक वित्तीय संस्थान अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं और समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए तत्काल सुधार की जरूरत है। विकास वित्तपोषण के अंतर को पाटने के लिए उठाया गया कदम बड़े पैमाने पर वित्त जुटाने की जरूरत की तरफ ध्यान आकर्षित करता है।

# ईद के मौके पर सड़कों पर उतरा बलूच समुदाय, सेना के अत्याचारों के खिलाफ किया देश भर में प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार को ईद मनाई गई। इस दौरान बलूच समुदाय ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बलूच समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और सेना के जुल्म को उजागर करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए। बलूच समुदाय को जबरन गायब किए जाने के खिलाफ आयोजित प्रदर्शन में महिलाओं और बच्चों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। प्रदर्शन में बलूच न्याय की मांग करता है जैसे कई नारे लगाए गए। मानवाधिकार उल्लंघन के कारण कई छात्रों पढ़ाई छोड़ दी बलूच छात्र परिषद, इस्लामाबाद ने पंजाब और इस्लामाबाद के शैक्षणिक संस्थानों में बलूच छात्रों के जबरन गायब होने, उत्पीड़न और नस्लीय प्रोफाइलिंग के खिलाफ विरोध किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मानवाधिकार उल्लंघन के कारण कई छात्रों पढ़ाई छोड़ दी। प्रोफाइलिंग के कारण कई लोगों का अपहरण कर लिया गया। हम फिरोज और अहमद खान सहित सभी बलूचों की रिहाई की मांग करता है। हम हर बलूचों की सुरक्षा की मांग करते हैं।

**लोग घर पर ईद मना रहे हैं लेकिन बलूच सड़कों पर हैं**

प्रमुख बलूच नेता और कार्यकर्ता सम्मी दीन बलूच ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आज बलूच लापता व्यक्तियों के परिवार, इस्लामाबाद, कराची और बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए पीड़ितों के साथ सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह मानवाधिकार का उल्लंघन है। दुनिया भर में लोग घर पर ईद मना रहे हैं लेकिन हम बलूच अपने दर्द और पीड़ा के कारण सड़कों पर उतरे हैं। पेरिस के एक गैर सरकारी संगठन बलूच वॉयस एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि ईद के दिन बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तानी फासीवादी सेना द्वारा जबरन गायब किए गए पीड़ितों की आजादी और सुरक्षा की रिहाई की मांग कर रहे हैं।

# वीजा शर्तों में उल्लंघन के चलते ब्रिटेन की कार्रवाई, मामले में 11 भारतीय नागरिक समेत 12 लोग गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन के आव्रजन अधिकारियों ने वीजा शर्तों का उल्लंघन करने और केक फैक्ट्री में अवैध रूप से काम करने के संदेह में की गई छापेमारी में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, गौरतलब है कि आरोपियों में से 11 भारतीय नागरिक हैं। उल्लंघन के संदेह के चलते कई 12 लोगों पर गिरी गाज बुधवार को ब्रिटेन के होम ऑफिस के एक बयान के मुताबिक, आव्रजन प्रवर्तन अधिकारी इंग्लैड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में खुफिया सूचना के बाद की गई कार्रवाई में पाया गया कि वहां अवैध रूप से काम हो रहा था। गृह कार्यालय के मुताबिक, वहां अवैध रूप से काम करने के संदेह में सात भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। वीजा शर्तों के उल्लंघन मामले पर ब्रिटेन की कार्रवाई वहीं पास में स्थित एक केक फैक्ट्री से चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, उन्हें अपनी वीजा शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इसके बाद एक भारतीय महिला को एक निजी घर में आव्रजन अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया है। गृह कार्यालय के मुताबिक, दोपहर बाद भी मामले में आगे की कार्रवाई की गई। गृह कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि चार आरोपियों को ब्रिटेन से हटाने या भारत निर्वासन पर विचार होने तक हिरासत में लिया गया था, बाकी बचे आठ को शर्त पर जमानत दी गई। कारखानों के मालिकों पर की जा सकती है कड़ी कार्रवाई इस बीच, अगर यह साबित हो जाता है कि उन्होंने अपने कारखानों में अवैध श्रमिकों को नियुक्त किया है तो दोनों व्यवसायों को जुर्माने की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। अवैध प्रवासन से निपटने के लिए ब्रिटेन के मंत्री माइकल टॉमलिंसन ने कहा कि यह कार्रवाई इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि हम देशभर में आव्रजन प्रवर्तन गतिविधि को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं। टॉमलिंसन के मुताबिक, नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर भारी जुर्माने की उम्मीद की जा सकती है।

# हमास के हमले के बाद इस्राइल से भारत लौटे छात्रों ने दूतावास का किया धन्यवाद

**यरुशलम।** हमास-इस्राइल के बीच जल रही जंग को करीब छह महीने से ज्यादा समय हो गया है। फिर भी युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच एक इस्राइली शोधकर्ता ने दावा किया है कि हिज्बुल्ला उत्तरी इस्राइल के गैलिली क्षेत्र पर कब्जा करने की कोशिश कर सकता है। वहीं, इस्राइल में पढ़ रहे भारतीय छात्रों ने हमलों के बीच उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में भारतीय दूतावास और अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस्राइल में कार्बनिक रसायन विज्ञान में पीएचडी के छात्र राहुल ने आतंकवादी हमलों के जवाब में इस्राइल द्वारा हमास के खिलाफ युद्ध की घोषणा के बाद के हालात के बारे में बताया। साथ ही कैसे दूतावास ने उनकी मदद की यह भी



बताया। जब जंग शुरू हुई तो राहुल ने कहा, 'जब युद्ध शुरू हुआ, तो यह बहुत चौंकाने वाला था। उस दिन चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल था। बाद में चीजें स्पष्ट हो गई हैं। दूतावास ने घर वापस आने वाली उड़ान के बारे में हमसे संपर्क किया। उन्होंने हमें उन सभी को वापस भेजने का आश्वासन दिया जो घर जाना चाहते थे। राहुल ने कहा कि भारतीय दूतावास ने तेजी से लोगों को निकालने का प्रबंध किया और सुनिश्चित किया कि सभी छात्र दो से तीन दिनों के भीतर अपने घर लौट सकें। उन्होंने कहा कि आखिरकार हमें दो से तीन दिनों के अंदर वापस बुला लिया गया। उन सभी लोगों की तरह जो घर जाना चाहते थे, हमने ईमेल के माध्यम से अपनी इच्छा जताई थी। फिर उन्होंने हमें तीन दिनों के अंदर घर वापस बुला लिया।' उन्होंने अधिकारियों द्वारा दिए गए स्पष्ट मार्गदर्शन के लिए सराहना व्यक्त कर कहा, 'हां, यह बहुत स्पष्ट था और हम जानते थे कि वास्तव में क्या करना है।' हमले के बाद दूतावास से एक ईमेल मिला एक अन्य भारतीय छात्र ने भारत और इस्राइल दोनों सरकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। उसका कहना है, 'सात अक्तूबर के हमले के बाद हमारे पास दूतावास से एक ईमेल आया। इसके बाद हमने दूतावास और भारत सरकार से संपर्क किया। भारतीय दूतावास ने मदद की। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कीं। सब कुछ सुचारू रूप से हुआ। इसलिए हम भारत सरकार के साथ-साथ इस्राइल सरकार को भी धन्यवाद देना चाहते हैं।'

# गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मस्जिदों में जाकर दी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकवाद

## जब आप देश का निजाम बदलेंगे, तभी आपके हालात बदलेंगे : डॉली शर्मा





**यह त्यौहार आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के साथ साथ जरूरतमंद लोगों की मदद करने की सीख देता है**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने ईद-उल-फितर के मौके पर अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारक देते हुए कहा किं यह त्यौहार आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के साथ साथ जरूरतमंद लोगों की मदद करने की सीख देता है। गुरुवार की सुबह ही डॉली शर्मा पसौड़ा मस्जिद पहुंच गईं और वहां पर मौजूद लोगों को ईद की बधाई दी।

उधर, उनके पिता नरेंद्र भारद्वाज, पूर्व महानगर अध्यक्ष ने भी मौजूदा महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी के साथ गाजियाबाद मस्जिद पहुंचकर लोगों को ईद की बधाई व शुभकामनाएं दीं। डॉली शर्मा के चाचा मनोज भारद्वाज ने डासना मस्जिद पहुंचकर लोगों को ईद मुबारक कहा। जबकि एक अन्य चाचा सुरेंद्र भारद्वाज ने भी करहेड़ा मस्जिद पहुंचकर लोगों को ईद की मुबारकवाद दी। इसी तरह उनके चुनाव अभियान से जुड़े लोगों और गठबंधन साथियों ने भी अलग-अलग मस्जिदों में पहुंचकर लोगों को ईद की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि जब आप देश का निजाम बदलेंगे, तभी आपके हालात भी बदलेंगे। उन्होंने लोनी विधानसभा क्षेत्र के लोनी मस्जिद, गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के संजय नगर सेक्टर 23 स्थित मस्जिद और लुहारपुरा मस्जिद भाटिया मोड़ पर पहुंचकर लोगों को ईद मुबारक कहा। इसी क्रम में उन्होंने हिंडन विहार, कैला भट्टा, मिजार्पुर, सिकरोड़, डासना मस्जिद पर पहुंचीं और मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की बधाई दी।

# गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा ने सदर तहसील बार एसोसिएशन और दस्तावेज लेखक एसोसिएशन से मांगा समर्थन



**लोकतंत्र की सफलता में ही है जनमत का महत्वः डॉली शर्मा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने सदर तहसील बार एसोसिएशन, गांधीनगर, गाजियाबाद को एक अनुरोध पत्र लिखकर अपने लिये समर्थन मांगा है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश कुमार त्यागी और सचिव अरुण कुमार चौधरी के साथ साथ दस्तावेज लेखक एसोसिएशन, सदर तहसील, गांधीनगर के अध्यक्ष बृजेश नागर और सचिव विक्की गोयल को संबोधित पत्र में उन्होंने लिखा है कि आगामी 26 अप्रैल को गाजियाबाद में मतदान होना सुनिश्चित है। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मैं डॉली शर्मा चुनाव मैदान में हूं। मेरी स्पष्ट सोच है कि लोकतंत्र की सफलता में जनमत का बहुत बड़ा महत्व है जिसमें आप जैसे सजग स्थानीय संगठनों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए आपके सक्रिय सहयोग और समर्थन की अपेक्षा करती हूं।

कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा है कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। जनस्वास्थ्य और जनशिक्षा का ढांचा चरमरा चुका है। अन्य कई वैधानिक समस्याओं से देशवासी जूझ रहे हैं। अतः इन सबके समुचित समाधान के लिए और संविधान की रक्षा करने के लिए आपका नैतिक समर्थन चाहिए। इस जनसहयोग के लिए सदैव आभारी रहूंगी।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कमांडर भैया अपने साथ लेकर चलते हैं बर्फ का गोला ? जो बुझा देता है बड़े से बड़ा सुलगता हुआ शोला ? आप देख रहे है ना गौतम जी से नाराज महिम भैया फेस बुक पर डायलॉग मारने के बाद हो गये है पूरी तरह शांत ? एक दम ही खामोश कर ली है उन्होंने अंदर की क्रांति ? ये सिर्फ और सिर्फ कमांडर के बर्फ वाले गोले का है कमाल ? जो पहलवान को ठंडा कर सकता है , तो फिर बाकी नाराज चेहरों की क्या है मिसाल ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं खड़ा था गर्ग साहब के चुनाव कार्यालय के बाहर ? यहाँ पर संगठन के ताकतवर चेहरे के साथ डबल मित्तल एक बात पर चिंता प्रकट करते हुए दिख रहे थे मुझको यार ? मैंने लगाये जब उनकी बातों पर कान ? तीनों आने वाले नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर दिख रहे थे परेशान ? कह रहे थे मैडम को अपनी पावर का प्रयोग करते हुई इस अभियान को रोकने के आदेश करने चाहिए जारी ? अगर चल गया ये अभियान तो काफी सारी वोटें घाट जायेंगी हमारी ? धीरे से ही सही, मैडम के खिलाफ नाराजगी वाली बातें इनके शब्दों के मध्यम से हो रही थी हमको जारी ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जबसे खुली है गर्ग साहब का लोकसभा वाला टिकट होने के बाद , शहर सीट के उप चुनाव वाला टिकट होने की फाइल ? मैं देख रहा हूँ तब से मिस्टर गेम फिनिशर ने बदल लिया है अपना स्टाइल ? हमेशा पैंट कमीज पहनकर राजनीति करने वाले स्वामी जी ने कर लिया है अब कुर्ता पायजामा धारण ? यू ही नहीं बदली है अचानक उन्होंने अपनी अदा ? सच बता रहा हूँ, शहर विधानसभा का उपचुनाव ही है इसके पीछे का बहुत बड़ा कारण ? जो जीता चुका हो नगर निगम का निर्विरोध चुनाव, समझ लो वो आदमी नहीं होगा साधारण ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा राम के लक्ष्मण हमेशा करते है उनके आदेशों पर काम ? भले ही लक्ष्मण आज राजनीतिक रूप से खाली हो ? मगर अपने राम में वो तलाश लेते है सभी समस्याओं के समाधान ? सुना है हाल ही में वो एक कार्यालय का बिल लेकर गये थे चौधरी साहब के पास ? मगर कुछ गहरे कारण बताते हुए चौधरी साहब ने उनकी ये फाइल नहीं की अपने हस्ताक्षरों से पास ? सुना है अब इस फाइल की भगवा सारस्वत जी के पाले में आ गई है गैन्द ? देखना अब ये है कि भगवा लक्ष्मण वाटर मैन से ले पायेंगे अपनी फाइल का क्लैम ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब लगता है भगवा मास्टर ने पूरी तरह बदल लिया है अपना किरदार ? अब वो अपने दिल से जुड़े हुए लोगों के लिए हो गये है कुछ भी कर गुजरने को तैयार ? सुना है वो अपने प्रिय पंजाबी नेता का संदेश लेकर गये थे ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि के पास ? ये संदेश मास्टर जी के खुद के मन का था ? इसमें नहीं था पंजाबी नेता का हाथ ? अपने संदेश में कराया इन्होंने ताकतवर लेडी को उनकी ताकत का एहसास ? कहा, आप, पंजाबी भाईसाहब, तोमर साहब और गोयल साहब एक हो जाओ तो तभी बनेगी कुछ बात ? तभी हम सामने वाले मजबूत गुट का कर सकेंगे मुकाबला ? फिलहाल तो ऐसा लग रहा है, जैसे हो गया हो हम सब का तबादला ? सुना है जब मास्टर जी कह रहे थे मैडम से ये बात ? तब बिरादरी वाले वकील साहब भी थे उनके साथ ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि त्यागी दीदी को दी गई लेडी फ्रंट की भगवा ज़िम्मेदारी ? इस ज़िम्मेदारी को लेकर मैं बिलकुल भी नहीं हूँ हैरान ? ज़िम्मेदारी लेना और देना तो होता ही है संगठन का काम ? मगर मैं हैरान इस बात से हूँ कि क्यों कौशिक दीदी ने इस घटनाक्रम के बाद खुद को कर लिया खामोश ? जब कोई ज़िम्मेदारी वाला लेटर शाक्य दीदी की और से जारी ही नहीं हुआ है ? तो क्यों ठंडा कर लिया कौशिक दीदी ने अपना जोश ? मेरी तो सलाह है कि कोशिक दीदी को चुनाव में अध्यक्ष के तौर पर ही करना चाहिए काम ? जिस दिन दिखाने वाले दिखा दे उनको नई वाली ताजपोशी का लेटर ? तब खुशी से वो खुद को पूर्व अध्यक्ष ले मान ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जबसे देख रहे है भगवा सिंगल चुनावों में प्रचार वाला काम ? तब से मैं देख रहा हूँ, उनको ये ज़िम्मेदारी मिलने से दो मित्तल चेहरे है बहुत ज्यादा हैरान ? उनके गले ही नहीं उतर रही है, सिंगल को ज़िम्मेदारी देने वाली बात ? उनको याद आ जाती है 2012 के विधानसभा चुनाव में सिंगल को मिली ज़िम्मेदारी वाली बात ? वैसे हैरान होने से ज्यादा दोनों कुछ भी नहीं कर सकते श्रीमान ? उसका क्या बिगाड़ेगा कोई जिसका खयाल रख रहे हो मिस्टर जायसवाल ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भगवा गढ़ के चुनाव कार्यालय पर ? वहाँ कुछ चेहरों के नजर ना आने पर चल रही थी राय शुमारी ? कहने वाले ने कहा लोकसभा चुनाव के बीच नहीं दिख रही है बल वाले गौतम जी , अपने व्यवहार से विनय लाने वाले चौधरी, त्याग और पूरे सुख से देवता की तमन्ना रखने वाले और अपनी अदाओं से झका झक माहौल बनाने वाले पंडित जी सहित भगवा गढ़ के कई क्रांतिकारी ? लगता है चुनावी ज़िम्मेदारी ना मिलने से ये चेहरे हो गये है नाराज ? या फिर ये खुद से ही देख रहे है, लोकसभा के सभी काज ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ऐसे कैसे ज़िम्मेदार सक्रिय कार्यकताओं को मिलेगा चुनावों में काम ? जब पार्टी के वरिष्ठ चेहरे ही नहीं देंगे उन पर ध्यान ? सुना है पुराना एवं युवा कार्यकर्ता गया था चुनावी ज़िम्मेदारी लेने के लिए शर्मा जी के पास ? कहा था चुनावों में हमारी भी ड्यूटी कही पर लगा दो भाईसाहब ? भगवा सैनी की बात सुनकर सामने से आयी आवाज ? आपके लिये विचार किया जाएगा कुछ दिनों के बाद ? वैसे सोचने वाली बात ये है कि अब कितने दिनों के बचे है चुनाव ? इसलिए सेनी जी को इस बात को सुनकर अब ज्यादा नहीं लेना चाहिए तनाव ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर आशा दीदी बिलकुल भी नहीं पाना चाहती है निराशा ? हम देख रहें गर्ग साहब के चुनाव में वो हद से ज्यादा कर रही है काम ? मोहल्ले में मीटिंग हो या चुनाव कार्यालय पर कोई बैठक ? उनकी अटेंडेंस सौ प्रतिशत बनी हुई है श्रीमान ? उनकी तत्परता करा रही है इसी बात का एहसास ? वो उप चुनाव को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ने जा रही है ? बाकी इस बारे में विस्तार से प्रकाश डाल सकते है सामाजिक चौकीदारी देखने वाले सबके भाई साहब ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने विभिन्न दलों से जुड़े 20 व्यापारियों को कराया भाजपा में शामिल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विभिन्न दलों से जुड़े व्यापारी वर्ग के लगभग 20 व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गुरुवार को नवयुग मार्केट स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सभी को भाजपा परिवार में शामिल किया। लोकेश गर्ग की अगुवाई में शामिल होने वाले व्यापारी नेता अजय कुमार प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति,हरिओम कुमार प्रजापति, मोहन शर्मा,करन पांचाल, ब्रहम सिंह, हरेन्द्र प्रजापति, शानू,नीटू, जितेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र, गौरव कुमार प्रजापति, सुनील कुमार प्रजापति, संदीप कुमार जाटव,सुन्दर प्रजापति योगेन्द्र कुमार,संजय कुमार, सुरेन्द्र प्रजापति, निशान्त कुमार, शिव कुमार आदि ने विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होन वाले व्यापारियों का कहना था कि मोदी- योगी सरकार की लाभकारी योजनाएं व नीतियों को दृष्टिगत रखते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक अनुज मित्तल, करण शर्मा, आशुतोष शर्मा आदि मौजूद रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व अशु वर्मा ने दी मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** ईद-उल-फितर के मौके पर हाजी जमालुद्दीन अल्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्वी समाज गाजियाबाद के निवास पर ईद मिलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व महापौर अशु वर्मा सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकवाद दी। इस मौके पर भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पूर्व पार्षद राकेश, पार्षद जय किशन, महानगर मंत्री संजय कांत शर्मा, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, मोनिका पंडिता, पूर्व पार्षद लवली कौर, राकेश , मंजू सक्सेना, सुमन सिंह आदि मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने सहारनपुर लोकसभा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सहारनपुर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़े वर्ग के लिए भारतीय जनता पार्टी और मोदी-योगी जितना सोचते हैं उतना आज तक आजादी के बाद किसी ने नहीं सोचा । उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में सहारनपुर लोकसभा सीट से राघव लखनपाल शर्मा को उतारा है उससे तय हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी की यहां भारी मतों से विजय होगी। सहारनपुर लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के लिए पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करने वाले कार्यक्रम में नरेंद्र कश्यप के साथ ही लोकसभा प्रभारी नवाब सिंह नागर, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री वीरेंद्र कश्यप, पश्चिमी क्षेत्रीय महामंत्री रूपेंद्र सैनी, ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सुनील पंवार, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश आर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सरदार एसपी सिंह ने दी पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को ईद की बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव में देश की जनता एक बार फिर से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। मोदीजी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में से एक होगा। यह बात दिल्ली में पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुख़्तार अब्बास नकवी ने भाजपा कार्यालय पर उनको ईद की मुबारकबाद देने पहुंचे उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह से बातचीत में कही। श्री नकवी ने कहा कि मोदीजी कांग्रेस के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के रिवाज को समावेशी सशक्तिकरण के मिजाज से पछाड़ कर, आज पूरे देश में विकास और विश्वास की प्रभावी व प्रमाणिक गारंटी बन गए हैं । उन्होंने कहा कि हम सभी को इस लोकसभा चुनाव में मोदीजी के सुशासन की गारंटी को अपने एक एक वोट की शक्ति से सशक्त और सुरक्षित करना है, इसके लिए जनसम्पर्क द्वारा सभी को मतदान करने के लिए अवश्य जागरूक करें।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग विधायक हैं और लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन उनका अंदाज उन्हें विधानसभा क्षेत्र से लेकर लोकसभा क्षेत्र में लोकप्रिय बना रहा है। शब्दों के जादूगर वो पहले से ही हैं। पूर्व मेयर अशु वर्मा के गांव ढींढार में जब वोट मांगने पहुंचे तो लोग उनके अंदाज से हंसते हंसते लोट पोट हो गए। लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग की वोट सपोर्ट और हंसा हंसा कर लोट पोट करती ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।